RNI. Reg. MPHIN/2016/68363.

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

## सुविचार

'आशा' और 'विश्वास' कभी गलत नहीं होते। बस ये हम पर निर्भर करता है कि हमने आशा किससे की और विश्वास किस पर किया।
- ताहिर अली, भोपाल

हर किसी से उम्मीद रखना आपका पसंदीदा अपराध है और निराशा हमेशा आपकी सजा है...
- देवीलाल मालेचा, कचरिया देव मंदसौर

झगड़े बच्चों की तरह होते है, इन्हें पालते रहे तो बड़े हो जाते है।
- सुभाष जैन, पत्रकार धार

दैनिक विनय उजाला

### पाकिस्तान के साथ संयुक्त बयान में कश्मीर का जिक्र, भारत ने ईरानी अधिकारियों के साथ उठाया मुद्दा

नई दिल्ली (हि.स.)। भारत ने पाकिस्तान के साथ संयुक्त बयान में कश्मीर के जिक्र का मुद्दा ईरानी अधिकारियों के साथ उठाया है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी की पाकिस्तान यात्रा के समापन पर जारी संयुक्त बयान में कश्मीर मुद्दे का उल्लेख किए जाने के बाद भारत ने इस मामले को ईरानी अधिकारियों के साथ उठाया है। प्रवक्ता से पूछा गया था कि विदेश मंत्रालय कश्मीर मुद्दे पर संयुक्त बयान को कैसे देखता है।

वर्ष-09, अंक 97 | उज्जैन, शुक्रवार ● 26 अप्रैल 2024 | मूल्य 2.00 रुपए, कुल पृष्ठ - 8

प्रधानमंत्री मोदी लगातार दूसरे दिन मप्र में... इंदिरा की प्रॉपर्टी बचाने के लिए राजीव ने कानून बदला, राहुल फिर लाना चाहते हैं

# भाजपा के लिए देश से बड़ा और कुछ भी नहीं

मनोहर राजपूत

**मुरैना, निप्र। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार दूसरे दिन आज मध्यप्रदेश आए। मोदी ने मुरैना के पुलिस परेड ग्राउंड में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के समर्थन में सभा की।**

कांग्रेस के शहजादे को देश के प्रधानमंत्री को भला-बुरा कहने में मजा आता है। मैं टीवी और सोशल मीडिया पर देख रहा हूं कि इससे लोग दुखी हो रहे हैं। मैं कहता हूं, दुखी न हों क्योंकि नामदार तो कामदार को हमेशा गोली-गलौज करते आए हैं। देश कह रहा है, कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। आपके हितों की रक्षा के लिए ये मोदी दीवार बनकर खड़ा है। ये गाली-गलौज इसलिए हो रहा है क्योंकि मोदी 56 इंच का सीना तानकर खड़ा हो गया है। इनके मंसूबे सफल नहीं होंगे ये मोदी की गारंटी है। कांग्रेस पार्टी विकास विरोधी समस्या है। मुरैना के लोग जानते हैं समस्या से एक बार पीछा छूट जाए तो उसे दूर ही रहना चाहिए। मोदी ने कहा जवानों को हमने खुली छूट दी है। हमने कहा एक गोली चलती है तो 10 गोली चलनीं चाहिए। एक गोला चलता है तो 10 तोपें चलनीं चाहिए।






### एक गोली आती है तो 10 गोली चल जानी चाहिए

कांग्रेस की पॉलिसी है जो देश के लिए सबसे ज्यादा योगदान करे, मेहनत करे, सबसे ज्यादा समर्पण करे उसे सबसे पीछे रखो। इसलिए कांग्रेस ने इतने वर्षों तक सेना के जवानों की वन रैंक वन पेंशन जैसी मांग पूरी नहीं होने दी। हमने सरकार बनते ही इसे लागू किया। हमने सीमा पर खड़े जवानों की भी चिंता की। कांग्रेस ने जवानों के हाथ बांध रखे थे, हमने उन्हें खुली छूट दे दी। अगर एक गोली आती है, 10 गोली चलनी चाहिए। अगर एक गोला फेंकते हैं तो 10 तोपें चल जानी चाहिए।



### इन नामदारों से कुछ मत कहो, हम कामदार सहन करेंगे


कांग्रेस के शहजादे को मोदी के लिए भला-बुरा कहने में मजा आ रहा है। सोशल मीडिया और टीवी पर लोग चिंता जताते हैं कि ऐसी भाषा पीएम के लिए बोलना ठीक नहीं है। मेरी विनती है आप दुखी मत होइए, आपको पता है, वे नामदार हैं, हम तो कामदार हैं। नामदार तो कामदार को सदियों से ऐसे ही गाली-गलौज करते आए हैं। मैं तो गरीबी से निकला हूं, पांच-पचास गालियां पड़ जाएंगी तो पड़ जाएंगी।

### कांग्रेस सरकार में आई तो इंहेरिटेंस टैक्स लगाएगी

कांग्रेस सरकार में आई तो इंहेरिटेंस टैक्स लगाएगी। आज पहली बार देश के सामने एक दिलचस्प तथ्य रख रहा हूं। जब देश की पीएम बहन इंदिराजी नहीं रहीं तो उनकी प्रॉपर्टी जो उनकी संतानों को मिलनी थी, लेकिन पहले कानून था कि उनको मिलने से पहले एक हिस्सा सरकार ले लेती थी। तब चर्चा थी कि जब इंदिराजी नहीं रहीं और उनके बेटे राजीव को ये प्रॉपर्टी मिलनी थी तो प्रॉपर्टी को बचाने के लिए उस समय के पीएम राजीव गांधी ने पहले के इंहेरिटेंस कानून को समाप्त किया। वहां मामला निपट गया तो फिर सत्ता पाने के लिए ये लोग वही कानून ज्यादा कड़ाई से वापस लाना चाहते हैं। देश कह रहा है, कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। आपके हितों की रक्षा के लिए ये मोदी दीवार बनकर खड़ा है। ये गाली-गलौज इसलिए हो रहा है क्योंकि मोदी 56 इंच का सीना तानकर खड़ा हो गया है। इनके मंसूबे सफल नहीं होंगे ये मोदी की गारंटी है।

## संक्षिप्त समाचार

### गृह मंत्री अमित शाह भोपाल आए, गुना राजगढ़ में सभा करेंगे



**भोपाल, निप्र।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार रात भोपाल पहुंचे। गृह मंत्री शाह होटल ताज में रात्रि विश्राम करेंगे। वह उड़ीसा से सीधा भुवनेश्वर से रात करीब साढ़े आठ बजे भोपाल पहुंचे। अमित शाह का भोपाल में कोई कार्यक्रम नहीं है, इसलिए पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर है। शुक्रवार को शाह का गुना और राजगढ़ दौरा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भोपाल से गुना लोकसभा के पिपरई पहुचेंगे और वहां बीजेपी प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद राजगढ़ में बीजेपी प्रत्याशी रोडमल नागर के पक्ष चुनाव प्रचार करेंगे।

### सलमान खान के घर पर गोलियां चलाने के दोनों आरोपितों की पुलिस कस्टडी 29 तक बढ़ी

**मुंबई (हि.स.)।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास पर 40 गोलियां चलाने का आदेश दिया गया था। यह खुलासा आरोपितों ने पुलिस जांच के दौरान किया है। उधर मजिस्ट्रेट कोर्ट ने गुरुवार को दोनों आरोपितों की पुलिस कस्टडी 29 अप्रैल तक बढ़ाने का आदेश दिया है। सलमान खान के आवास पर हवाई फायरिंग मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपितों की पुलिस कस्टडी आज समाप्त हो रही थी। इसी वजह से मुंबई पुलिस की टीम ने दोनों आरोपितों को मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया। पुलिस की ओर से कोर्ट को बताया गया कि आरोपितों ने जांच के दौरान बताया है कि हमें सलमान खान के घर के बाहर 40 गोलियां चलाने का आदेश दिया गया था लेकिन हमने सिर्फ पांच गोलियां चलाईं। इस मामले में अब तक 17 राउंड गोलियां जब्त की गई हैं। अब तक की जांच में पता चला है कि सलमान खान के घर पर फायरिंग करने के बाद आरोपितों ने पुलिस से बचने के लिए कई बार अपने कपड़े भी बदले थे। साथ ही ये दोनों आरोपित इंटरनेट के जरिए तीसरे व्यक्ति के संपर्क में थे। इसके लिए एक आरोपित का फोन वाई-फाई के जरिए कनेक्ट किया गया था।

तेलंगाना में कांग्रेस-बीआरएस पर बरसे मुख्यमंत्री धामी, बोले-

## किसी की मम्मी और दादी की गाथा नहीं सुनना चाहता देश

**देहरादून/हैदराबाद (हि.स.)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तेलंगाना के निजामाबाद में कांग्रेस और बीआरएस की भ्रष्ट नीतियों पर कड़ा प्रहार किया।**

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि देश उनकी मम्मी और दादी की कहानी नहीं सुनना चाहता है। कांग्रेस 60 वर्षों से भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टिकरण से देश को बांटने की राजनीति कर रही है। तेलंगाना के निजामाबाद लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार अरविंद धर्मपुरी के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा में भाजपा के स्टार प्रचारक मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद से ही तेलंगाना के साथ विश्वासघात किया है। कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। तेलंगाना के कालेश्वर घोटाले को भुलाया नहीं जा सकता। दिल्ली शराब घोटाले में बीआरएस के नेताओं का नाम सामने आया है। बीआरएस और कांग्रेस में इंटरनल पार्टनरशिप है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में मुस्लिम पर्सनल लॉ जैसे मुद्दे लाकर वर्ग विशेष को फायदा पहुंचाकर केवल वोट बैंक की राजनीति कर रही है। मुख्यमंत्री धामी ने कांग्रेस सरकार के पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह पर सीधा प्रहार कर कहा कि इन्होंने वर्ग विशेष को फायदा पहुंचाने के लिए तुष्टिकरण की राजनीति की है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हमने धर्मांतरण, लैंड जिहाद के खिलाफ सख्त कानून बनाया है। भाजपा विकसित भारत और सशक्त भारत के निर्माण के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है। कोरोना के समय जब पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था गड़बड़ा गई, उस समय भारत ब्रिटेन को पछाड़ कर दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया।

कोरोना काल में दुनिया के शक्तिशाली देशों की अर्थव्यवस्था लड़खड़ाने से सभी भारत के सामने झुक गए थे। निजामाबाद के हल्दी किसान पिछले 40 वर्ष से हल्दी बोर्ड बनाने की मांग कर रहे थे, लेकिन किसी ने नहीं सुनी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तेलंगाना हल्दी बोर्ड का गठन किया गया है। अब केंद्र सरकार तेलंगाना में गन्ना किसानों की निजाम शुगर फैक्टरी को शुरू करवाने को प्रतिबद्ध है।

### बारामूला से सुरक्षाबलों ने एक आतंकी सहयोगी को किया गिरफ्तार

**बरामूला (हि.स.)।** बारामूला जिले के उरी इलाके में सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक आतंकी सहयोगी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री, हथियार, गोला-बारूद बरामद किया गया। पुलिस ने कहा कि एक विशेष सूचना पर बारामूला पुलिस और सेना की 8 आरआर द्वारा कमलकूट मांडयान के क्षेत्र में एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी अभियान के दौरान पैदल आ रहे एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि देखी गई। पुलिस पार्टी और सुरक्षा बलों को देखकर संदिग्ध व्यक्ति ने मौके से भागने की कोशिश की लेकिन सतर्क गश्ती दल ने चतुराई से उसे पकड़ लिया। प्रारंभिक पूछताछ में उसकी पहचान फारूक अहमद खोकर पुत्र सलाम दीन खोकर निवासी कालसी कमलकूट के रूप में हुई।

## कांग्रेस के न्याय पत्र में विरासत कर का कोई जिक्र नहीं : जयराम रमेश

**नई दिल्ली (हि.स.)। कांग्रेस पार्टी विरासत कर के मुद्दे पर लगातार सफाई दे रही है। आज पार्टी महासचिव ने एक बार फिर पत्रकार वार्ता कर कहा कि कांग्रेस के 'न्याय पत्र' में 'विरासत कर' का कोई जिक्र नहीं है।**

कांग्रेस की ओर से आज एक बार फिर प्रधानमंत्री के आरोपों का खंडन किया गया। पत्रकारवार्ता में महासचिव जयराम रमेश ने इसका खंडन किया। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस सत्ता में आने पर पीढ़ि दर पीढ़ि संपत्ति हस्तांतरण पर कर लगायेगी। कांग्रेस महासचिव रमेश ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनावी रैलियों में हमारे घोषणापत्र का दुष्प्रचार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस के घोषणापत्र को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की। उन्होंने ऐसे मुद्दे उठाए जो कांग्रेस के घोषणापत्र में नहीं हैं। जयराम रमेश ने कहा कि 'विरासत कर' कांग्रेस का एजेंडा नहीं है। असल में 1985 में राजीव गांधी की सरकार ने ने विरासत कर को हटाया था । वहीं भाजपा नेताओं जैसे की अरुण जेटली ने साल 2014-19 के बीच में इसकी वकालत की थी। उन्होंने प्रधानमंत्री को चुनौती दी कि वे बतायें कि कांग्रेस के न्याय पत्र में संपत्ति पुनर्वितरण की बात कही गई है। एक अन्य विषय पर जयराम रमेश ने कहा कि चुनाव आयोग प्रधानमंत्री का बचाव कर रहा है। प्रधानमंत्री की भाषा पर उनके खिलाफ शिकायत किया जाना स्वाभाविक था। लेकिन आयोग ने इस बार भी प्रधानमंत्री के खिलाफ शिकायत पर उनके बजाय भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस भेजा। इससे स्पष्ट है कि चुनाव आयोग उनका बचाव कर रही है। जयराम रमेश ने कहा कि संवैधानिक आरक्षण में मनमाने ढंग से संशोधन नहीं किया जा सकता। आरक्षण में संशोधन केवल सामाजिक और आर्थिक सर्वेक्षणों की रिपोर्ट के आधार पर ही किया जा सकता है। उसी तरह से न्याय यात्रा के दौरान लोगों के राय मशविरा के बाद आम लोगों की सहमति से पांच न्याय पर आधारित घोषणा पत्र तैयार किया गया है और इसे लागू किया जाएगा। जयराम रमेश ने कहा कि हमने भारत जोड़ो यात्रा व भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जनता की आवाज सुनकर अपना न्याय पत्र तैयार किया है। हमारे 5 न्याय- युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय, हिस्सेदारी न्याय और 25 गारंटियां भी दीं हैं, क्योंकि हम जनता के मुद्दों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं।

## आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस से लोकतंत्र पर ज्ञान लेने की जरूरत नहीं : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली (हि.स.)।** चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार मनीष तिवारी के लोकतंत्र पर बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी 60 साल तक सत्ता में रही और जिसने आपातकाल लगाया, उस पार्टी से हमें लोकतंत्र का ज्ञान लेने की कोई आवश्यकता नहीं। लोकतंत्र की हत्या इंदिरा गांधी ने की थी, जिसका देश ने खामियाजा भुगता था। कांग्रेस कार्यकाल में हवाई अड्डों से लेकर सभी जगहों पर एक ही परिवार के लोगों के नाम दिखाई देते थे।

अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर में कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कहा कि जो पार्टी 60 साल तक सत्ता में रही और जिसने आपातकाल लगाया, उस पार्टी से हमें लोकतंत्र का ज्ञान लेने की कोई आवश्यकता नहीं। लोकतंत्र की हत्या इंदिरा गांधी ने की थी, जिसका देश ने खामियाजा भुगता था। कांग्रेस कार्यकाल में हवाई अड्डों से लेकर सभी जगहों पर एक ही परिवार के लोगों के नाम दिखाई देते थे। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस के लोग कहते हैं कि देश में लोकतंत्र खत्म हो गया है तो उनके लिए बस एक ही संदेश है कि उनके ज्ञान की देश को आवश्यकता नहीं है। कश्मीर में अनुच्छेद 370, 35 (ए) लगाना पंडित जवाहरलाल नेहरू की सबसे बड़ी गलती थी जबकि मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370, 35 (ए) हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर में पंचायत के चुनाव, डीडीसी के चुनाव हुए और अब विधानसभा चुनाव भी कराए जाएंगे।

सचिन पायलट ने उज्जैन में की चुनावी सभा

## भाजपा से पूछा 400 सांसद क्यों चाहिए?

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए प्रदेश में प्रचार अभियान तेज हो गया है। कांग्रेस और भाजपा दोनों के दिग्गज नेता राज्य का दौरा कर रहे है। इसी कडी में आज गुरुवार को राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री और विधायक सचिन पायलट ने उज्जैन का दौरा किया।**

उज्जैन में कांग्रेस प्रत्याशी महेश परमार के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला। सचिन पायलट ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि 2014 में भाजपा ने जो भाषण दिए, मुझे अच्छे से याद है. महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, कालाधन, किसान की आय दोगुनी व अन्य



कई बातों से लोगो को मोहित किया गया था. जनता ने उनकी बातों पर विश्वास कर जिताया भी था. इसके 5 साल बाद फिर जनता ने उन पर भरोसा किया और 2019 में पूर्ण बहूमत दिया। इन 10 सालो में तीन कानून बने. किसानों के लिए साथ ही GST, नोटबंदी, निर्वाचित मुख्यमंत्री को जेल में डाला, संवैधानिक संस्थाओं को नीतिगत तरीके से एक-एक कर कमजोर करने का काम बीजेपी ने किया है. साथ ही विपक्षी सांसदों को निलंबित किया।

कांग्रेस के खाते सीज किए। वर्तमान केंद्र सरकार ने पिछले दरवाजे से कानून पास करवाए। पायलेट ने बीजेपी से 400 पार पर सवाल पूछते हुए कहा कि बीजेपी ने इलेक्टोरल बॉड से चंदा वसूली की, यह सब काम करके 300 पार हुए. अब नया नारा 400 पार का दे रहे है। 272 बहुमत के लिए चाहिए चलो 10, 15 सांसद अलग से रख लो, इनको 300 नहीं यानि 400 पार चाहिए। सचिन ने कहा कि भाई 400 पार का करोगे क्या?

# धरमपुरी की खुज नदी के कुंड में नहाने के दौरान दो बच्चों की डूबने से मौत, परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल



विनय उजाला

**धार, निप्र।** धरमपुरी की खुज नदी के कुंड में नहाने के दौरान दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। दोनों बच्चें कुंड में नहाने के लिए गए थे जहां नहाते समय गहरे पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। बच्चों के परिजन जब उन्हें तलाशते हुए नदी के कुंड पर पहुंचे तो वहां किनारे पर रखे कपड़ों से डूबने की आशंका जताई। स्थानीय युवकों ने कुंड से दोनों बच्चों के शवों को बाहर निकाला और धरमपुरी के शासकीय अस्पताल भेज जहां डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि एक बच्चा इंदौर से अपनी नानी के घर धरमुपरी छुट्टियां मनाने के लिए आया हुआ था तो दूसरा धरमपुरी का ही निवासी था। पुलिस ने मामले में दोनों शवों को पोस्टमार्टम के भेजा है। डॉक्टरों की पैनल दोनों बच्चों के शवों का पोस्टमार्टम करेंगी।

जानकारी के अनुसार धरमपुरी की खुज नदी के कुंड में सुबह करीब 10 बजें अरशान पिता आसिफ उम्र 7 वर्ष निवासी खजराना और नवाज पिता नवाब उम्र 8 वर्ष निवासी धरमपुरी नहाने के लिए गए थे। नहाने के दौरान दोनों कुंड के गहरे हिस्से में जा पहुंचे जहां उनकी डूबने से मौत हो गई। काफी देर तक जब दोनों बच्चे घर नही पहुंचे तो परिजन उन्हें तलाशते हुए नदी के समीप पहुंचे जहां किनारें पर दोनों बच्चों के कपड़ें रखे हुए थे। परिजनों शंका हुई तो स्थानीय युवकों ने कुंड के गहरे हिस्से में सर्च किया। सर्च के दौरान दोनों युवक के शव कुंड के गहरे हिस्से में दिखाई दिए। दोनों बच्चों को शवों को कुंड से निकालकर परिजन धरमपुरी के शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। बच्चों की मौत की खबर जब उनके परिजनों को लगी तो उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए पीएम कक्ष में रखवाया जहां डॉक्टरों की पैनल में दोनों के शवों का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

# आधुनिकता के जमानें में आज भी गांवों में जारी है चुनावी चौपालों का दौर.....पेड़ो की छाव तले होती है चुनावी चर्चाएं

**तब बैलगाड़ी से किया जाता था प्रत्याशी का प्रचार, ढोल-नगाडों के साथ घर-घर बांटे जाते थे योजनाओं के पर्चे, किसानों को चाहिए अपनी फसलो के उचित दाम....खेतों में नर्मदा का पानी**

आशीष यादव

**धार।** समय के साथ गांव की वेशभूषा भी बदलती जा रही है मगर नहीं बदली है चुनाव की चकलास आज भी गाँव के चौराहों पर बैठकर गांव के बुजुर्ग वह युवा चुनावी बात को लेकर एक दूसरों के बीच तानाकशी करते हैं ऐसा ही नजर जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर अनारद व अन्य गाँवो में देखने को मिला है। आज के जमाने मे कितना भी हम चाहे की मोबाइल को अपना सबसे बड़ा संवाद का माध्यम मानने लगे हो मगर गांवों में आज भी चुनाव का वह पुराना दौर देखने को मिलता है। यहां आज भी पेड़ की छांव में, दुकानों पर, चौराहों पर, घरों के बाहर बने ओटलों पर बैठकर आगामी लोकसभा चुनाव की चर्चाएं की जाती है।





**ताश के पत्तो के साथ चुनावी बाते :** ग्रामीणजनों ने चुनावी चर्चाएं शुरू कर दी है। किसानों का मुद्दा इनकी सबसे बड़ी चर्चा का विषय होता है। इनकी प्रमुख मांग यहीं रहती है कि सरकार किसी की भी बने, लेकिन हमें हमारी फसल का उचित दाम मिलना चाहिए। सुबह व शाम को खाना खाने के बाद गांव में चुनावी चौपाल लग जाती है। ग्रामीण एकत्रित होते हैं और हंसी मजाक के साथ ही गंभीर विषयों पर चर्चा करते हैं। यहां सिर्फ गांव के विकास की ही नहीं, बल्कि शहर, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर भी चर्चा होती है। चौपाल के दौरान सुविधाओं की बात करते हुए आशाराम यादव ने बताया कि हमारे गांव में नर्मदा के पानी की सुविधा मिलनी चाहिए जिसे हम गर्मी में खेतो को सिंचित कर सके। इसी बीच शिवगिरी गोस्वामी ने ठहाके लगाते हुए कहां कि यह सुविधा तो ठीक है, लेकिन लंबे समय से खेत सड़को का निर्माण कार्य सरकार द्वारा बंद पड़ा है। जिसे हमे खेतो में आने जाने में समस्या हो रही है। कहि सालो से सड़को का लंबे समय से निर्माण कार्य बंद पड़ा है, सबसे ज्यादा दिक्कत बारिश के दिनों में किसानों आती हैं। पास में कासम कामदार खड़े हो गए और अपनी बात दमदारी से रखते हुए कहने लगे कि यह समस्या और सुविधा तो ठीक है। लेकिन हम सभी किसान परिवार से आते हैं, हमें हमारी फसल का उचित दाम मिलना चाहिए। क्योंकि हम रात-दिन मेहनत करते हैं। तभी रतनलाल यादव ने बात काटते हुए कहां कि गांव के अधिकांश युवा अब पढ़े-लिखे हैं। धार इंदौर सहित अन्य जिलों में जाकर पढ़ाई कर चुके हैं। इन युवाओं को भी अच्छा रोजगार मिलना चाहिए। इसी बीच सादिक ने कहां कि हमारा गांव अब पहले से कितना बदल गया है। इसकी आबादी भी काफी बढ़ गई है। वही बच्चो को 12 वी तक स्कूल की दरकार है। हमारा गांव के बच्चे गाँव मे पढ़े उन्हें जिला मुख्यालय नही जाना पड़े। वहीं बसंतीलाल भाकर ने इसी बात को आगे बढ़ाते हुए कहां कि हमारे गांव में किसान भी अब नई तकनीकों के खेती करने लगे हैं। इससे किसानों का काम भी आसान हो गया है। इसी बीच वरिष्ठ नागरिक अपना अनुभव सुनाते हुए कहने लगे कि चुनाव तो हमारे जमाने में होता था।

**समस्याओ का नही हो रहा निराकरण :** चौपाल के दौरान चर्चा में ग्रामीण सरपंच रतनलाल वसुनिया ने बताया कि हमारे गांव बड़ी समस्या यहां 12वीं तक स्कूल नहीं है। इसको लाने के लिए हमे धार, इंदौर , भोपाल तक दौड़ लगा दी मगर आज तक 12 वी तक स्कूल नही बना पाया। वही एसटी ओर एससी समाजों के लिए कोई भी धर्मशाला नहीं है अगर सरकार व किसी पार्टी के सहयोग से अगर धर्मशाला बनती है। गरीब परिवार के लोगों के लिए फायदेमंद रहेगा जिससे उन्हें बारिशों के दिनों कार्यक्रमों में परेशान नहीं होना पड़ेगा।

# विधानसभा चुनाव में 90 फीसदी मतदान कराने वाले बीएलओ हुए सम्मानित, लोकसभा चुनाव में भी होगा सम्मान

विनय उजाला

**डही/कुक्षी, निप्र।** विधानसभा चुनाव में कई मतदान केंद्रों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने में बूथ लेवल अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। बूथ लेवल अधिकारियों ने मतदाता सूची शुद्धिकरण से लेकर मतदाताओं को जागरूक कर उन्हें वोटिंग करने के लिए प्रेरित किया। इस वजह से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ प्रियंक मिश्रा और एसडीएम कुक्षी प्रमोद सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में कुक्षी विधानसभा क्षेत्र के डही, निसरपुर और कुक्षी क्षेत्र के तीन बीएलओ को सम्मानित किया गया। सम्मानित बीएलओ के मतदान केंद्रों में विधानसभा चुनाव-2023 में 90 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ था। इसी तरह लोकसभा चुनाव में भी सर्वाधिक मतदान वाले केंद्रों के बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा।



निर्वाचन मीडिया प्रभारी इरफान मंसूरी ने बताया कि विकासखंड डही के ग्राम टेमरिया के मतदान केंद्र क्रमांक 166 के बीएलओ एवं सहायक सचिव कमल अलावा, विकासखंड निसरपुर के ग्राम दाहोद के मतदान केंद्र क्रमांक 246 के बीएलओ एवं प्राथमिक शिक्षक ताराचंद अलंसे और विकासखंड कुक्षी के ग्राम डेहरी के मतदान केंद्र क्रमांक 34 के बीएलओ एवं सहायक शिक्षक रणछोड़ मंडलोई का विधानसभा चुनाव-2023 में अपने मतदान केंद्रों पर 90 फीसदी से अधिक मतदान होने पर तहसीलदार कुक्षी सहदेव मोरे, नायब तहसीलदार जांगर सिंह रावत और निर्वाचन शाखा प्रभारी जीवन अलावा आदि ने प्रशस्ति पत्र देते हुए सम्मानित किया। इस दौरान नोडल अधिकारी मनोज साधू, निर्वाचन शाखा कम्प्यूटर ऑपरेटर आशीष पाण्डेय, राजकिशोर मंडलोई, विजय शिन्दे, धर्मराजसिंह सोलंकी, भगवान सोलंकी, राकेश बघेल, पवन देवड़ा, संजय चौहान, ओमप्रकाश शर्मा, थानसिंह जमरा, कान्हा सोलंकी, भारत भावसार, भूरालाल टैगोर आदि मौजूद थे।

**गांव के एक- एक वोटर को किया जागरूक :** बीएलओ कमल अलावा ने बताया कि उन्होंने व्यक्तिगत रूचि लेकर ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किया। टेमरिया के मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने कहा ट्रायबल क्षेत्र में वोट के लिए जागरूक करना एक चुनौतीपूर्ण काम रहता है। इधर एसडीएम प्रमोद सिंह गुर्जर ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भी सर्वाधिक मतदान कराने वाले बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही एसडीएम ने निर्देश दिए कि निर्वाचन का कार्य समय-सीमा में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप किया जाए। सभी अधिकारी अपने कर्तव्य और दायित्वों का पूर्ण गंभीरता के साथ निर्वहन करें।

# एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण व्यय प्रेक्षक श्री संजीत वी नायर ने किया



विनय उजाला

अलीराजपुर, निप्र। व्यय प्रेक्षक श्री संजीत वी नायर द्वारा एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने नोडल अधिकारी एमसीएमसी को निर्देश देते कहा कि राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों के द्वारा दिए जाने वाले विज्ञापन पर पैनी नजर रखें।

उन्होने कहा कि प्रिन्ट और इलेक्टॉनिक के साथ साथ सोशल मीडिया पर भी प्रत्याशियों एवं राजनैतिक दलों की भी निगरानी रखे। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ अभय अरविंद बेडेकर, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक चौधरी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियांशी भंवर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी अलीराजपुर एवं जोबट श्री तपीस पांडे एवं श्री विरेन्द्र सिंह बघेल समेत संबंधित विभाग के नोडल अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन डॉ अभय अरविंद बेडेकर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री अभिषेक चौधरी, अनुविभागीय अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री तपीस पांडे, डिप्टी कलेक्टर एवं जिला एमसीएमसी नोडल अधिकारी सुश्री निधि मिश्रा समेत संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### खेलों के माध्यम से युवा मतदाता जागरूकता

**मनावर, निप्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी मोहदय धार के निर्देशानुसार नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने उद्देश्य से मनावर में स्वीप प्लान के तहत विद्योदय महाविद्यालय एवं ब्लॉक खेल समन्वयक विशाल दामके के समन्वय से बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता और बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 27,28,29 अप्रैल को स्थानीय मेला मैदान में किया जा रहा है। विद्योदय महाविद्यालय द्वारा विजेता ,उपविजेता टीम को स्मृति चिन्ह, पदक, व प्रमाण पत्र दिए जायेंगे तथा साथ ही भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को टी-शर्ट ,प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। टीम पंजीयन हेतु समन्वयक विशाल दामके से संपर्क कर सकते हैं।

### मतदाता जागरूकता के लिए रैली का आयोजन एवं शपथ दिलाई गई : कलेक्टर डॉ बेडेकर




**अलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन डॉ निर्वाचन अधिकारी डॉ अभय अरविंद बेडेकर की अध्यक्षता में कट्टीवाडा में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कलेक्टर डॉ बेडेकर ने बताया कि निर्वाचन लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। सभी नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग करके लोकतंत्र की इस प्रक्रिया का हिस्सा बन सकते है अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का उपयोग करें इसलिए जन जागरूकता लाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्वीप की गतिविधि की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ बेडेकर ने उपस्थित जनसमूह को निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर अधिक से अधिक मतदान करने की शपथ दिलाई । इसी के साथ कलेक्टर डॉ बेडेकर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री अभिषेक चौधरी के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए राजेन्द्र आश्रम होते हुए नगर के प्रमुख मार्गो से एक रैली का आयोजन भी किया गया।

# महावीर समिति ने समाजसेवी अशोक मेहता का किया बहुमान



**पेटलावद, निप्र।** आयंबिल ओलिजी, उपवास एवम वर्षीतप तपस्वियों के सामूहिक पारने में अहम भूमिका निभाने वाले समाजसेवी अशोक मेहता का महावीर समिति ने बहुमान किया। महावीर समिति के अध्यक्ष संजय व्होरा (पप्पू भाई) ने बताया कि नवपद ओलीजी आराधना करने वाले समस्त तपस्वियों की खूब खूब अनुमोदना के साथ इस आयोजन को विगत वर्षों से नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले समाजसेवी अशोक मेहता का सम्मान स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर तपस्वी अनिल मेहता एवं मनोज ओरा को भी प्रभावना भेंटकर अनुमोदना की। इस दौरान समिति के उपाध्यक्षद्वय संजय मालवी, चेतन कटकानी, सचिव विजय भण्डारी भी मौजूद रहे।

# निर्वाचन से संबंधित तैयारी एवं व्यय के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित

विनय उजाला



**अलीराजपुर, निप्र।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया में नाम निर्देशन की अधिसूचना जारी होने के पश्चात, संसदीय क्षेत्र 24 रतलाम के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री संजीत वी. नायर का अलीराजपुर आगमन हुआ और उनकी अध्यक्षता में व्यय निगरानी से संबंधित नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान श्री नायर ने बताया कि सभी विभागों को निर्वाचन के दौरान हो रही गतिविधियों की सतत मॉनिटरिंग वीडियोग्राफी के माध्यम से की जानी सुनिश्चित करें। उन्होने बताया कि व्यय अनुवीक्षण के लिए एमसीएमसी, वीएसटी, एसएसटी एवं एफएसटी दलों का गठन किया जाता है। जो प्रत्याशी एवं राजनैतिक दलों द्वारा की जा रही गतिविधि पर सूक्ष्म नजर बनाए रखती है एवं व्यय संबंधित जानकारी निर्वाचन कार्यालय को दी जाती है।

उन्होने निर्देश देते हुए कहा कि अलीराजपुर जिले की विधानसभा व्यय संवेदनशील घोषित की गई है इस दौरान शराब के परिवहन, बैंक से नकद राशि के आहरण इत्यादि कार्यों की सूचना तत्काल निर्वाचन आयोग को अवगत कराए। उन्होने आदर्श आचार संहिता जारी होने के बाद से की गई शराब जब्त की जानकारी मांगी एवं निर्देशित किया की प्रति दिवस प्रतिवेदन जिला निर्वाचन को सौपे। उन्होने कहा कि राजनैतिक दलों द्वारा की जाने वाली सभाओं पर विशेष नजर रखी जाए एवं इस दौरान उपयोग होने वाली प्रचार सामग्री, परिवहन के साधन आदि की जानकारी से तत्काल मुख्यालय को अवगत कराए। उन्होने वीएसटी , एसएसटी एवं एफएसटी दलों की भी मॉनिटरिंग के लिए जीपीएस ट्रैकर के उपयोग करने के निर्देश दिए ।

# अंतराष्ट्रीय सन्त गो भक्त श्री कमलकिशोर जी नागर की भव्य कथा का आम्बापडा में होगा आयोजन

मनोज पुरौहित

**पेटलावद।** धर्मनगरी पेटलावद में आए दिन कोई ना कोई धार्मिक आयोजन होते रहते हैं जिसमें क्षेत्र की जनता धर्म एवं ज्ञान रूपी गंगा में डुबकी लगाती रहती है। ऐसा ही एक मनोरम एवं सुंदर अवसर फिर से पेटलावद क्षेत्र को प्राप्त हुआ है। क्षेत्र की जनता के लिये बड़े हर्ष का विषय है कि समीपस्थ ग्राम आम्बापाडा बेकलदा में 07 दिवसीय भव्य श्रीमदभागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है।

आयोजन समिति श्रीमद्भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ समिति के तत्वावधान में आगामी 02 मई सर 08 मई तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से हरी इच्छा तक देश विदेश के प्रख्यात मालव माटी के मा सरस्वती के वरद पुत्र गोभक्त सन्त श्री कमलकिशोर जी नागर के मुखारविंद से श्रीमद्भाभागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है।



विदित हो कि मालवा क्षेत्र में सन्त श्री कमलकिशोर जी नागर के भक्तो के बढ़ी तादात है और इनकी कथाओं में श्रधालुओ कि भारी भीड़ कथा का रसपान करने के लिये दूरदराज से आती है। इनकी गुरुदेव से कथाओं के आयोजन की अनुमति ओर तारीखे मिलना ही दूभर है।

ऐसे में आयोजन समिति श्रीमगदभागवदत ज्ञान गंगा यज्ञ सेवा समिति की ओर से इस आयोजन की सूचना मिलने से ही नागर जी भक्तो में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। आयोजन समिति ने इस पुनीत कथा में सहभागिता करने और कथा श्रवण के लिए समस्त भक्तो को पधारने का निवेदन करते हुए धर्म लाभ लेने की अपील की है।

**भोजशाला के सर्वे और राजनितिक दलों के पदाधिकारियों की सभाओं पर पुलिस की पैनी नजर**

# अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने ली सूचना संकलन और खुफिया विभाग की बैठक, सोशल मीडिया प्लेटफार्मो पर होगी सघन निगरानी

विनय उजाला

धार, निप्र। आगामी लोकसभा चुनाव और भोजशाला में हो रहे एएसआई के सर्वे को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। चुनाव के प्रचार और ज्ञानवापी की तर्ज पर भोजशाला में हो रहे आर्केलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के सर्वे के दौरान पुलिस जिले पर पैनी नजर बनाए हुए है।

लोकसभा चुनावें के चलते आने वाले दिनों राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों सहित कई बड़े नेताओं की सभाएं जिले में प्रस्तावित है। इन सभाओं में खुफिया विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों को अपना सूचना तंत्र मजबूत करने के लिए पुलिस अधीक्षक सभाकक्ष में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत बाकलवार द्वारा एक मीटिंग आयोजित की गई।



**होटल ढ़ाबों की सघन चैकिंग :** मीटिंग में एएसपी इंद्रजीत बाकलवार द्वारा जिले के आसूचना संकलनकर्ता एवं खुफिया विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा और भ्रमण को दृष्टिगत रखते हुए शहर के होटल, लाज, ढाबों के साथ धर्मशालाओं, संदग्धि वाहन या व्यक्तियों की बारकी से सघन चौकिंग तथा प्रतिबंधित संगठनों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए नर्दिशित किया गया साथ ही भोजशाला के सर्वेक्षण और लोकसभा चुनाव में विशेष सतर्कता बरतने के साथ सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए साथ ही असामाजकि तत्वों पर विशेष नजर रखने एवं शहर में शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त से सख्त वैधानिक कार्यवाही के बारे में भी जानकारी दी गई।

**सोशल मीडिया पर भी नजर :** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत बाकलवर ने खुफिया विभाग के कर्मचारियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक, इंस्टाग्राम पर वायरल होने वाले आपत्तिजनक फोटो, वीडियों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए है। एएसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के साथ छोटो-छोटे गांवों के साथ कस्बों में भी अपना सूचना तंत्र मजबूत करें। किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तुरंत अपने वरिष्ठ अधिकारियों को उसकी जानकारी दें।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनावी पाठशाला कार्यक्रम संपन्न



**इंदौर, (विनय उजाला)।** आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चुनावी पाठशाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शाला की छात्राओं को मतदान करना क्यों जरूरी है और शत प्रतिशत मतदान इस बार किया जाना चाहिए इस बारे में समझाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य विकार अली सैयद ने की। प्रमुख वक्ता शिशिर देसाई रहे ।कार्यक्रम का संचालन दिनेश मंडलोई ने किया। कार्यक्रम में विजय लक्ष्मी दीक्षित, आभा मेहता, सूरज वर्मा, तृप्ति चौहान, ओंकार लाल मुकाती, भगवान सिंह रावत आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### रेलवे के पैदल पुल पर फिसलने से मौत

**नागदा जंक्शन।** उन्हेल के समीपस्थ गांव चंबल पाल्या से अपने नवासे को नागदा छोडक़र आए बुजूर्ग की बुधवार को रेलवे ब्रिज पर मौत हो गई। आरपीएफ की सूचना पर जीआरपी ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया। नागदा रेलवे स्टेशन के पैदल ब्रिज की सीढीयों से एक बुजूर्ग गिरा और उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर आरपीएफ के एसआई उमापति यादव, आरक्षक पप्पुसिंह जाट मौके पर पहुंचे। प्रांरभिक जांच में सामने आया कि रमेश यादव उम्र 60 वर्ष निवासी चंबल पाल्या अपने नवासे रामप्रसाद को नागदा छोडऩे के लिए आया था, पैदल ब्रिज से उतरे समय सीढीयों से फिसल गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरपीएफ की सूचना पर जीआरपी ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया।

### जूना गुजराती दर्जी समाज का चलसमारोह

**नागदा जंक्शन।** श्री दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज के तत्वावधान में भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत तीन दिवसीय आयोजन किए, जिसके अंतिम दिन समाजजनों ने भव्य चल समारोह शहर के मुख्य मार्गो से निकाला। चल समारोह चंद्रशेखर आजाद मार्ग, चिकित्सालय मार्ग, जवाहर मार्ग, महात्मा गांधी मार्ग, पुलिस थाना चौराहे से होकर समाज की धर्मशाला में पहुंचकर धार्मिक आयोजन में परिवर्तित हुआ। विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान ने चिकित्सालय मार्ग, पर, श्वेताम्बर मूर्तिपुजक संघ के अध्यक्ष राजेश धाकड़ ने जवाहर मार्ग पर पुष्पवर्षा कर समाजजनों का स्वागत किया। इस दौरान राधेश्याम मकवाना, नंदकिशोर चावड़ा, अजय चावड़ा, मनोज मेहता, जितेंद्र चौहान, प्रेमलता मकवाना सहित समाजजन मौजूद रहे।

# चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराएं: प्रेक्षक

## प्रेक्षकों ने बैठक कर चुनाव तैयारियों की जानकारी ली

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। लोकसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए भारत निवार्चन आयोग द्वारा उज्जैन जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस सुश्री ज्योति यादव ,व्यय लेखा प्रेक्षक आईआरएस बसंत गढ़वाल तथा पुलिस प्रेक्षक आईपीएस डॉ केतन पाटिल ने प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर लोकसभा निर्वाचन के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा की।**

बैठक में सभी प्रेक्षकों ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। उन्होंने कहा कि मतदान दलों का निर्वाचन संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है, मतदान दलों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने लोकसभा निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के इलेक्शन प्लान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 13 मई को उज्जैन संसदीय क्षेत्र में 2097 मतदान केंद्रों पर मतदान किया जाएगा। जिसमें



प्रमुख रूप से विधानसभा क्षेत्र नागदा खाचरोद में 273, महिदपुर में 262, तराना में 238 ,घट्टिया में 279, उज्जैन उत्तर में 266, उज्जैन दक्षिण में 294, बड़नगर में 232 एवं आलोट में 253 मतदान केंद्र शामिल हैं । जिले में अभी तक 266 और आलोट में 59 क्रिटिकल मतदान केंद्र चिन्हित किए गए हैं। इन केंद्रों पर माइक्रो आब्जर्वर द्वारा निगरानी की जाएगी। 2097 मतदान केंद्रों के लिए कुल 220 सेक्टर ऑफिसर बनाए गए हैं। लगभग 1105 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी की जाएगी। श्री सिंह ने बताया कि जिले में 8852 कर्मचारी मतदान के लिए उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त 236 सेक्टर ऑफिसर्स,266 मतदान माइक्रो आब्जर्वर,112 मतगणना माइक्रो आब्जर्वर, 216 मतगणना ऑब्जर्वर और 1844 विशेष पुलिस अधिकारी मिलकर निर्वाचन कराएंगे। बैठक में एसपी प्रदीप शर्मा, जिला पंचायत सीईओ मृणाल मीना, उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्रसिंह कवचे , अपर कलेक्टर अनुकूल जैन सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

**स्ट्रांग रूम का किया अवलोकन :** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत नियुक्त सामान्य प्रेक्षक सुश्री ज्योति यादव ने आज निर्वाचन संबंधी गतिविधियों का जायजा लिया। इस सिलसिले में आज उन्होंने जिले के मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, कैंब्रिज स्कूल आदि मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर केंद्रों पर पर्याप्त छांव, बिजली, सीसीटीवी,पेयजल, दिव्यांगजनों और वृद्धजनों की सुगमता के लिए रैंप इत्यादि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को उक्त व्यवस्थाओं संबंधित दिशा निर्देश दिये। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के बाद उन्होंने इंजीनियरिंग कॉलेज में स्थापित ईवीएम स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया।

वहां पर उन्होंने सामग्री वितरण, वापसी और कमिश्निंग संबंधित भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिये।

### बेटी की शादी कर लौट रहा परिवार सडक़ दुर्घटना शिकार

# अनियंत्रित ट्राले ने मिनी बस को टक्कर मारी, 13 घायल, 4 इंदौर रैफर

विनय उजाला

**नागदा जंक्शन।** स्टेट हाईवें नंबर पर 17 पर बुधवार की अलसुबह अनियंत्रित ट्राले से सवार बस को टक्कर मार दी, जिसमें 17 में से 13 यात्री घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस 108 और डॉयल-100 की मदद से नागदा के सरकारी अस्पताल और जनसेवा भेजा गया। घटना के बाद चालक ट्राला मौके पर छोडक़र भाग गया। खाचरौद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया।

इंदौर के अमर टेकरी मालवा क्षेत्र में रहने वाला परिवार बुधवार की सुबह लगभग साढ़े चार बजे बेटी की शादी करके अपने घर लौट रहा था कि नागदा से लगभग 13 किमी दूर स्थित गांव बेड़ावन्या में सडक़ दुर्घटना का शिकार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार मिनी बस नंबर (एमपी 09 एसी 7874) का चालक लघुशंका करने के लिए नीचे उतरा इसी दौरान अनियंत्रित ट्राले (आरजे 09 जीडी 7673) ने टक्कर मार दी, जिससे बस खाई में जा गिरी। बस में सवार 17 में से 13 लोग घायल हो गए, जिनको डॉयल-100 और एम्बुलेंस 108 की मदद से सरकारी अस्पताल नागदा और जनसेवा अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी लगते ही आई धनसिंह नलवाया, प्रधान आरक्षक सोमसिंह भदौरिया मौके पर पहुंच गए थे, जिन्होंने घायलों की मदद की। टीआई नलवाया के अनुसार महाराष्ट्र के बुलढ़ाना जिले के पीपलगांव निवासी कडु अवतार बौद्ध ने बताया कि इंदौर के मालवा मिल क्षेत्र में रहते है जो बेटी की शादी के लिए नाथद्वारा के समीप नमाना गए थे शादी के बाद इंदौर लौट रहे थे कि बेड़ावन्या के समीप बस का चालक लघुशंका के लिए उतरा और ट्राले ने टक्कर मार दी। जिसमें गजानंद पिता कडु बुधले उम्र 30 वर्ष, निवासी चपेरा बुरहानपुर, अंजली पिता गजानंद बुधले उम्र 22, शीलाबाई पति अवचार उम्र 45, पवन पिता संतोष इंगले उम्र 30, पिंकी पिता पवन इंगले उम्र 26, कडु अवचार पिता मानिक राव अवचार उम्र 45, रजत पिता पवन इंगले उम्र 10, कनिष्ठ इंगले पिता लक्ष्म्ण इंगले उम्र 26, रुपेश इंगले पिता लक्ष्मण इंगले उम्र 13, पुष्पा दोहरिया पिता स्व. राकेश दोहरिया उम्र 45, ज्ञानदीप पिता गजानंद उम्र 4, भावेश पिता विनोद उम्र 6, सोनू पिता कनिष्ठ अवचार उम्र 20, कृष्णा पिता लक्ष्मण इंगले उम्र 15, छाया पति लक्ष्मण इंगले उम्र 30, सुशीला पिता शंकरलाल उम्र 54 वर्ष घायल हो गए। जिसमें छाया, सुशीला की हालत गंभीर होने पर गहन चिकित्सा के लिए उज्जैन, शीलाबाई, पवन को इंदौर रैफर किया।

### सडक़ दुर्घटना में युवक का पेट फटा

**नागदा जंक्शन।** गवर्नमेंट कॉलोनी निवासी एक युवक की बीती रात महिदपुर नाके पर सडक़ हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसे उज्जैन रैफर कर दिया। महिदपुर नाके पर मंगलवार बुधवार की दरम्यानी रात बाईक की तेज रफ्तार सडक़ दुर्घटना का कारण बनी। मिली जानकारी के अनुसार गणेश पिता दिनेश दावरे उम्र 25 वर्ष बुलेट पर सवार होकर सिटी में प्रवेश कर रहा था कि बुलेट अंसतुलित हो गई और रैलिंग में घुस गई। जिससे गणेश के पेट फट गया और जिससे पेट की सामग्री बाहर आ गई, युवक ने सामग्री को पेट के अंदर किया और मदद के लिए गुहार लगाता रहा। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस की मदद से युवक के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसको जनसेवा रेफर कर दिया। युवक की हालत गंभीर होने पर गहन चिकित्सा के लिए उज्जैन से इंदौर ले गए, जहां बुधवार की शाम लगभग चार बजे एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन चल रहा था।

### 28 अप्रेल से प्रारंभ होगा स्वीमिंग पूल

**उज्जैन, निप्र।** नगर निगम मुख्यालय परिसर के पीछे स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित अंतर्राष्ट्रीय स्तर स्विमिंग पूल का संचालन नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। आयुक्त आशीष पाठक के निर्देशानुसार स्वीमिंग पुल को 28 अप्रेल रविवार से नागरिकों के लिए खोल दिया जाएगा। स्वींमिग पूल क्षेत्र की समूचित साफ सफाई के साथ ही पूल की गहराई से सम्बंधित सूचना बोर्ड लगाए गए है। पुल में पानी क्लियरिंग का कार्य जारी है। स्वीमिंग पूल का संचालन महिला एवं पुरूष वर्ग के लिए अलग-अलग शिफ्ट अनुसार सुबह एवं शाम के समय में निर्धारित समयानुसार किया जाएगा।

**पश्चिम रेलवे**

**दाहोद-इंदौर खंड पर नई बीजी लाइन का कार्य**

उपमुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर (निर्माण) पश्चिम रेलवे, रतलाम मंडल (एमपी), **ई-निविदा संख्या : एस एंड टी/सी/ आरटीएम/114/2024-25 आमंत्रित करता है। दिनांक: 24.04.2024. कार्य का नाम: कटवाड़ा - पिटोल - में ओएफसी और छह क्वाड केबलों की ट्रेंचिंग, बिछाने, जोड़ने और समाप्ति के साथ इनडोर और आउटडोर टेलीकॉम उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। झाबुआ सेक्शन, पश्चिम रेलवे (एमपी) के रतलाम मंडल के दाहोद-इंदौर नई बीजी लाइन कार्य के संबंध में। कार्य की अनुमानित लागत : रु. 32,193,206/- ईएमडी : रु. 3,11,000/- बोली प्रारंभ तिथि : 703.05.2024। समापन तिथि एवं समय : 17.05.2024, 15.00 बजे तक।** उपरोक्त निविदा सूचना और अधिक विवरण के लिए कृपया पश्चिम रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।
0079
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# सीएम राइज स्कूल में समर कैंप का आयोजन 27 अप्रैल से, सरकारी व निजी स्कूलों के विद्यार्थी ले सकेंगे भाग

विनय उजाला







**धार, निप्र।** आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग भोपाल के निर्देशानुसार सीएम राइज स्कूल धार में नि:शुल्क समर कैंप का आयोजन दिनांक 27 अप्रैल से 6 मई तक किया जाएगा। इस शिविर में शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के विद्यार्थी नि:शुल्क रूप से भाग ले सकते हैं। उक्त जानकारी देते हुए सीएम राइज स्कूल धार के प्राचार्य डॉ स्मृति रत्न मिश्र ने बताया कि विद्यार्थी शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ सह शैक्षणिक गतिविधियों में भी निपुण हो यह शिविर का उद्देश्य है । शिविर पूर्णत: नि:शुल्क है तथा शिविर में 10 दिन तक प्रतिदिन सुबह 7.30 बजे से 11 बजे तक विभिन्न विधाओं में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। शिविर में आयोजित की जाने वाली विधाओं में संगीत, गायन ,वादन, लोकगीत, नृत्य प्रशिक्षण, सिलाई कढ़ाई, क्राफ्टआर्ट, लीफ आर्ट, साहित्यिक गतिविधियां, कंप्यूटर प्रशिक्षण, मेडिटेशन, व्यक्तित्व विकास, स्काउट गाइड, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, खेलकूद आदि प्रमुख है। कैंप में प्रतिदिन स्वल्पाहार का वितरण भी किया जावेगा एवम समापन वाले दिन सहभागिता करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे। उन्होंने शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शासकीय एवम अशासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों से भाग लेने की अपील की है।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 1 से 30 मई तक

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार छात्र-छात्राओं के ग्रीष्मकालीन अवकाश के सदुपयोग हेतु पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2024 आयोजन किया जायेगा। इस हेतु पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश भार्गव की अध्यक्षता में 25 अप्रैल को पुलिस कंट्रोल रूम में समन्वय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल शिक्षा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, विभिन्न खेल संघ/संगठनों के पदाधिकारीगण, विभागीय प्रशिक्षक एवं समन्वयक आदि उपस्थित हुए। बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों के 1 से 30 मई तक नि-शुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर प्रतिदिन प्रात- एवं सायं लगाये जायेंगे। संभागीय मुख्यालय पर निम्नानुसार खेलों में क्रमश- जिम्नास्टिक, कुश्ती, सॉफ्टबॉल, बास्केटबॉल, मल्लखंब, हॉकी, फुटबॉल, व्हॉलीबॉल, कबड्डी, टेबल-टेनिस, शूटिंग, तैराकी, एथलेटिक्स, शतरंज, पावर लिफ्टिंग, बॉडी बिल्डिंग, कूडो, सायकल पोलो, ताईक्वांडो, पंजा कुश्ती, कराते, कलारीपयट्टू आदि खेलों के शिविर आयोजित किये जायेंगे।

खेल अधिकारी ओपी हरोड ने बताया कि खेल शिविर में 10 से 14 वर्ष के खिलाड़ियों पर ज्यादा फोकस किया जाये।

### अंतिम दिन प्राप्त हुए 10 नाम निर्देशन पत्र

**उज्जैन, निप्र।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत उज्जैन आलोट संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा करने के अंतिम दिन 25 अप्रैल को 6 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए। 18 अप्रैल से अभी तक कुल 11 अभ्यर्थियों से 19 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए हैं। 25 अप्रैल को निर्दलीय अभ्यर्थी महेश परमार ने 1, निर्दलीय अभ्यर्थी अनिल ने 1, इंडियन नेशनल कांग्रेस से दीपिका ने 1 , इंडियन नेशनल कांग्रेस से अभ्यर्थी महेश परमार ने 2 , पीपुल्स पार्टी ऑफ़ इंडिया के अभ्यर्थी पुष्पेंद्र ने 1, निर्दलीय अभ्यर्थी ईश्वरलाल ने 3 और निर्दलीय अभ्यर्थी सुरेश ने 1 नाम निर्देशन पत्र कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी उज्जैन नीरज कुमार सिंह के समक्ष जमा किया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक इस सुश्री ज्योति यादव सहायक रिटर्निंग अधिकारी अर्थ जैन उपस्थित रहें। सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री जैन ने बताया कि नाम निर्देशन प्रक्रिया में कुल 11 अभ्यर्थियों से कुल 19 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए हैं।

## पश्चिम रेलवे द्वारा विभिन्न गंतव्यों के लिए ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों का संचालन

| गाड़ी संख्या | प्रारंभिक एवं गंतव्य स्टेशन | प्रभावी कार्य दिवस | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस-बरौनी | 26.04.2024 | 23.00 बजे (शुक्रवार) | 23.30 बजे (रविवार) |
| 09044 | बरौनी-बांद्रा टर्मिनस | 29.04.2024 | 10.20 बजे (सोमवार) | 07.05 बजे (बुधवार) |
| पड़ाव : बोरीवली, बोइसर, वापी, वलसाड, उधान (आगमान 02.20 बजे/प्रस्थान 02.25 बजे), सूरत (आगमान 2.40 बजे/प्रस्थान 02.45 बजे), सायन, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, कोटा, सवाई माधौपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, आगरा फोर्ट, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर स्टेशन दोनों दिशाओं में। | | | | |
| संरचना : शयनयान श्रेणी एवं सामान्य द्वितीय श्रेणी के डिब्बे। | | | | |
| 09015 | उधना-भागलपुर | 26.04.2024 | 23.15 बजे (शुक्रवार) | 16.30 बजे (रविवार) |
| 09016 | भागलपुर-पालधी | 28.04.2024 | 20.00 बजे (रविवार) | 11.50 बजे (मंगलवार) |
| पड़ाव : भुसावल, खंडवा, इटारसी, रानी कमलापति, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, किऊल, आबू रोड, जमालपुर और सुल्तानगंज स्टेशन दोनों दिशाओं में। गाड़ी संख्या 09015 का अतिरिक्त पड़ाव चलथान (आगमान 23.30 बजे/प्रस्थान 23.35 बजे), बारडोली, व्यारा और नंदुरबार स्टेशन पर होगा। | | | | |
| संरचना : शयनयान श्रेणी एवं सामान्य द्वितीय श्रेणी के डिब्बे। | | | | |
| 09335 | इंदौर-हावड़ा | 26.04.2024 | 22.30 बजे (शुक्रवार) | 07.00 बजे (रविवार) |
| 09336 | हावड़ा-इंदौर | 28.04.2024 | 10.00 बजे (रविवार) | 19.30 बजे (अगले दिन) |
| पड़ाव : देवास, उज्जैन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, बनारस, पं. दीनदयाल उपाध्याय, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, गया, कोडरमा, पारसनाथ, गोमो, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर और बर्द्धमान स्टेशन दोनों दिशाओं में। | | | | |
| संरचना : शयनयान श्रेणी एवं सामान्य द्वितीय श्रेणी के डिब्बे। | | | | |

संबंधित विशेष गाड़ियों के पड़ावों संबंधित विस्तृत समय की सूचना हेतु कृपया www.equiry.indianrail.gov.in पर संपर्क करे।

गाड़ी संख्या 09043, 09015 और 09335 की बुकिंग 26.04.2024 से सभी पीआरएस काउंटर्स तथा आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरु हो गई है। उपरोक्त ट्रेन विशेष किराये पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाईक करें : facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : twitter.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के साथ अपना वास्तविक पहचान पत्र भी साथ रखें

एक अदभुत आयोजन...

# विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के अवसर पर इंदौर संभाग पुस्तकालय संघ द्वारा 101 लेखकों का सम्मान...

विनय उजाला







**इंदौर, नप्र।** संभाग पुस्तकालय संघ के अध्यक्ष डॉ जी.डी.अग्रवाल ने बताया कि विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के अवसर पर श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति के सभागार में 101 लेखकों को कुसुम कृति सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया.पहलीवार उक्त सम्मान में 9 प्रवासी भारतीयों की कृतियाँ इंडोनेसिया,अमेरिका, नींदरलैंड, कनाडा आदि से प्राप्त हुई हैं. श्री विनायक प्रकाशन, इंदौर के श्री मुकेश इंदौरी को उत्कृष्ट प्रकाशन कार्य के लिए सम्मानित किया गया. श्री मोहन अग्रवाल, अग्रवाल स्वीट्स इंदौर को रोज का एक पत्र लेखन हेतु सम्मानित किया गया. इस खास मौके पर पुस्तकालय संघ के सलाहकार श्री आई.आर.कुमार द्वारा अपने 88 वर्षो के जीवन पर आधारित, प्रकाशित स्मारिका का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया. संयोगवश श्री कुमार सर का 88 वा जन्मदिवस भी धूमधाम मनाया गया.मंच पर श्री अजीत सिंह नारंग,प्रेसिडेंट एवं श्री सुरेश जी हरियानी,सचिव मालवा ऑफ कॉमर्स, कुमार सर के आदर्श पुत्र श्री विजय कुमार एवं बेटी भारती मांडोले जी की उपस्थिति में सेलिब्रेट किया गया.

इस अवसर पर एक विशेष सम्मान डॉ.संजीव नारंग,एम.डी. प्रो चांसलर- मालवांचल यूनिवर्सिटी इंदौर के द्वारा श्री हनुमान चालीसा, श्रीमदभगवद गीता एवं पैथोलॉजी को राइम्स में लिखा गया. आपके अदभुत लेखन के लिया आपका सम्मान शॉल +श्रीफल एवं मणिमाला पहना कर किया गया. तत्पश्चात 101 पुस्तकों के लेखकों को सम्मान पत्र एवं मणिमाला पहनाकर सम्मानित किया गया. विशेष रूप से श्रीमती ज्योति जैन, श्रीमती अमिता मराठे, श्री प्रदीप नवीन, श्रीमती आशा मुंशी, श्री अरुण कुमार जैन, श्री तुलसीराम प्रजापत, श्री आशीष त्रिवेदी, डॉ रवीन्द्र पहलवान डॉ.बी.पी मिश्रा,डॉ रमा मिश्रा, समाज कार्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सी.पी.मैथयु उपस्थित रहे. कार्यक्रम के अतिथि श्री कृष्ण कुमार अष्ठाना, वरिष्ठ पत्रकार, श्री अरविन्द जबलेकर - प्रधानमंत्री श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति, डॉ बनवारीलाल जी जाजोदिया, आर्किटेक्ट- रमेश कुमार गुप्ता, डॉ.अर्पण जैन अविरल , उपस्थित रहे. इंदौर पुस्तकालय संघ से श्री रमेश कोठारी- उपाध्यक्ष, श्री अविनाश मिश्रा-सचिव डॉ.सुरेन्द्र कुमार, संयुक्त सचिव, श्री राजेन्द्र दुबे, बोर्ड मेंबर आदि उपस्थित रहे.कार्यक्रम का संचालन डॉ.जी.डी.अग्रवाल ने किया. पुस्तकालय संघ की जानकारी श्री रमेश कोठारी ने दी,

विश्व पुस्तक दिवस की जानकारी एवं आभार श्री अविनाश मिश्रा द्वारा व्यक्त क्या. आज समिति परिसर में स्थापित पुस्तक विक्रय केंद्र में समिति की ओर से पुस्तकों की खरीदी पर डिस्काउंट 10त्न से बढ़ाकर 20 त्न दिया गया. इसी अनुक्रम में आर्किटेक्ट श्री रमेश जी गुप्ता ने उनकी लिखी पुस्तक मैं मीसाबंदी हूँ पर 40 त्न डिस्काउंट दिया गया. आयोजन अपनी वांछित ऊंचाइयों को स्पर्श करता हुआ गरिमामय उपस्थिति में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ. सामूहिक राष्ट्रगान के उपरांत कार्यक्रम संपन्न हुआ.

## सम्पादकीय

# गलत डाइट लेने का आरोप

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर र्प्वतन निदेशालय ने गलत डाइट लेने का आरोप लगाया है। अदालत में ईडी ने कहा कि वह तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं ताकि उनका शुगर लेवल बढ़ जाए तथा उन्हें मेडिकल आधार पर जमानत मिल जाए। केजरीवाल को टाइप-2 डायबिटीज है। वह सुबह-शाम आलू पूड़ी, मिठाई और आम खा रहे हैं। चीनी वाली चाय भी पी रहे हैं। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि ईडी उनका घर का खाना बंद करना चाहती है। केजरीवाल रोज 56 यूनिट इंसुलिन लेते हैं। उनका ब्लड-शुगर लेवल ऊपर-नीचे होता रहता है ।उन्हें लगातार कब्ज रहता है तथा क्रोनिक ब्रोंकाइटिस (खांसी) बनी रहती है। जेल डिस्पेंसरी की तरफ से नियमित जांच होने के बावजूद वह ब्लड शुगर के लिए निर्धारित डाइट नहीं ले रहे हैं। उधर अदालत में याचिका दायर कर केजरीवाल की जेल में सुरक्षा को खतरे में बताया गया है। आप नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन भी लंबे समय से जेल में बंद हैं। केंद्र सरकार पर आरोप है कि यह जानबूझकर किया जा रहा है ।वह आप सरकार के काम-काज के तरीकों और उसकी प्रसिद्धि से घबरा कर ऐन लोक सभा चुनाव के पहले यह कदम उठाया गया। आप नेता संजय सिंह ने इस कृत्य को तानाशाही कहा, जबकि केजरीवाल ने जेल से भेजे संदेश में कहा कि मैं आतंकवादी नहीं हूं। हालांकि केजरीवाल को खुद को नुकसान पहुंचाने जैसा कदम उठाने से बचना चाहिए। निश्चित रूप से इससे दुनिया भर में उचित संदेश नहीं जा रहा है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है ।यह तय है कि यदि केजरीवाल या उनके दल के अन्य नेताओं पर आरोप साबित होते हैं तो उन पर कानून शिंकजा कसेगा। भ्रष्टाचार को लेकर अपने यहां सिर्फ बातें ही बनाई जाती हैं। राजनीतिज्ञों के भ्रष्टाचारमुक्त होने पर जनता में संशय ही है। मोदी सरकार भी ऐसा कोई उदाहरण तय करने में सफल नहीं है, जिससे प्रतीत हो कि अपने नेताओं के भ्रष्टाचार को लेकर भी वह कड़े कदम उठा रही है। घातक संक्रमण की तरह फैलते भ्रष्टाचार से जूझना बड़ी चुनौती है, बदले की भावना से ऊपर उठ कर इससे मुक्त होने के सामूहिक प्रयास करने होंगे।

### बेरुख़ी

दिल में तेरी यादों के हिचकोले उठाये फिरते हैं
बिन पिये ही तेरे कूँचे में होश गँवाये फिरते है

तेरी बेरुखी का अन्दाजा है मुझको इस कदर
गमों से भरे प्याले आँखों से छलकाये फिरते हैं

तमाम उम्र गुजार दी मैंने तेरे इन्तजार में यूँ ही
तू आयेगा इसी उम्मीद की लौ जलाये फिरते हैं

कायनात के हर जर्रे में ख़ुदा का है नूर झलकता
बेवजह ही उसे पत्थरों में बसाये फिरते है

भूल भुलैया सी इस दुनिया में खुद को भूल गये
झूठी शोहरत की खातिर ईमान जताये फिरते है

सावन में जब गुँचे कलियों को पुकारा करते हैं
पतझड़ के सूखे पत्ते झाँझ बजाये फिरते हैं

मौला तेरे इंसानों से अब कोई शिकवा नहीं है
मीरा सी भक्ति की मधु आस लगाये फिरते है



मधु टाक, इन्दौर

## हाईटेंशन लाईन की चपेट में आने से बच्ची की मौत

विनय उजाला

**नागदा जंक्शन।** इंदिरा कॉलोनी में हाईटेंशन लाईन की चपेट में आने से दस वर्षीय बच्ची अलिशबा शाहरुख मेव की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अलिशबा अपनी मौसी के घर से खेलने के लिए आई थी। खेलने के दौरान गेंद मकान की छत पर चली गई थी, अलिशबा गेंद लेने के लिए मकान की छत पर गई थी कि हाईटेंशन लाईन की चपेट में आ गई। जिससे वह बुरी तरह जल गई और मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पीएम के लिए शव सरकारी अस्पताल पहुंचाया। अलिशबा के पिता शाहरुख ग्रेसिम उद्योग में श्रमिक है।

## अठारहवीं लोकसभा चुनाव-2024

# 'विरासत कर' हंगामा है क्यों बरपा...?

नरेंद्र शर्मा

शइंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने कहा है, अमेरिका में इनहेरिटेंस टैक्स (विरासत कर) की व्यवस्था है... यह दिलचस्प क़ानून है... भारत में इसका प्रावधान नहीं है... (मेरे इस बयान से) कांग्रेस सहित किसी भी पार्टी की नीति का कोई संबंध नहीं है। लेकिन लगता है पित्रोदा को सफाई देने में देर हो गई, क्योंकि उनकी सफाई आती, इसके पहले ही प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पित्रोदा की इस बयान को कांग्रेस को घेरने के लिए लपक लिया। उन्होंने अंबिकापुर (छत्तीसगढ़) में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, शाही परिवार के शहज़ादे के सलाहकार, जो उनके पिता के भी सलाहकार थे, ने एक बार देश के मेहनतकश मध्यवर्ग पर भारी कर लगाने का सुझाव दिया था। अब, कांग्रेस एक कदम आगे बढ़ गई है और उसका इरादा उस सम्पत्ति पर कर लगाने का है, जो आप अपने पेरेंट्स से विरासत में पाते हैं, आपके कड़ी मेहनत से अर्जित एसेट्स से आपके बच्चे वंचित हो जायेंगे। इसका अर्थ है कि लूटना कांग्रेस का मंत्र है... ज़िंदगी के साथ भी, ज़िंदगी के बाद भी।

कांग्रेस ने पित्रोदा के बयान से ख़ुद को अलग करते हुए कहा है कि 'विरासत कर का समर्थन बीजेपी के मंत्री करते हैं, हमारी ऐसी कोई योजना नहीं है'। कांग्रेस नेता जयराम रमेश के अनुसार, बीजेपी के वित्त राज्यमंत्री जयंत सिन्हा ने सार्वजनिक तौरपर कहा था कि वह 2014 में विरासत कर लाना चाहते थे... 2018 में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने विरासत कर की तारीफ़ की थी.. कांग्रेस की कोई योजना विरासत कर लाने की नहीं है। गौरतलब है कि अनेक देशों में विरासत कर लगाया जाता है- जापान में यह 55 प्रतिशत है, अमेरिका व इंग्लैंड में यह 40 प्रतिशत है। दिवंगत व्यक्ति के पैसे व संपत्ति के कुल मूल्य (छूट व कटौती के बाद) पर विरासत कर लगाया जाता है और उसके बाद ही उसे उसके कानूनी वारिसों में वितरित किया जाता है। भारत में एस्टेट टैक्स 1953 में लागू किया गया था (जोकि कुछ राज्यों में 85 प्रतिशत तक था), लेकिन 1985 में कांग्रेस की राजीव गांधी सरकार ने इसे निरस्त कर



विनय उजाला



दिया था। वेल्थ टैक्स जो व्यक्ति के एसेट्स पर कुछ सीमाओं के साथ लगाया जाता था को 2015 के बजट में खत्म किया गया क्योंकि इस पर खर्च अधिक आ रहा था और सरकार को आमदनी कम हो रही थी। इसकी जगह सुपर-रिच (जिनकी आय सालाना एक करोड़ रूपये से अधिक है) व्यक्तियों पर सरचार्ज लगाया गया। आर्थिक असमता भारत की ही नहीं बल्कि ग्लोबल समस्या है, क्योंकि कहीं बहुत ज्यादा तो कहीं बहुत कम पैसा है। इसलिए रईसों से लेकर गरीबों में बांटने का जो रोबिनहुड या डाकू सुल्ताना नुमा रोमांटिक विचार है, वह इस समय दुनियाभर को आकर्षित किये हुए है और यही वजह है कि 24 अप्रैल 2024 को भारत के चुनाव अभियान में भी यह हॉट टॉपिक बना। लेकिन प्राइवेट एसेट्स के पुन:वितरण ने आज तक कहीं भी असमता की समस्या का समाधान नहीं किया है। मुफ़्त राशन वितरण भी इस मुश्किल का हल नहीं है। दरअसल, जब आर्थिक गतिविधि में हिस्सेदारी का विस्तार किया जाता है, तभी ही हर कोई जीतता है और लोकतंत्र व प्राइवेट प्रॉपर्टी हाथ में हाथ डालकर आगे बढ़ते हैं। संक्षेप में यह कि विरासत कर व वेल्थ टैक्स न केवल ख़राब विचार हैं बल्कि गलत प्रतिक्रियाएं हैं, समाज की आर्थिक ऊंच नीच को दूर करने के लिए। भारत में धर्मभीरु लोग लगभग रोज़ ही भिखारियों को भिक्षा देते हैं, लेकिन इससे भिक्षावृत्ति तो दूर नहीं हुई, बल्कि बढ़ती ही जा रही है और किसी भिखारी को आर्थिक रूप से स्वतंत्र होते नहीं देखा गया। आर्थिक आत्मनिर्भरता, आर्थिक गतिविधि में हिस्सा लेने से आती है। इससे ही अमीरी व गरीबी की खाई को पाटा जा सकता है।

रोबिनहुड-नुमा विचार के सबसे बड़े पक्षधर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन हैं, लेकिन जब उन्होंने वेल्थ टैक्स का प्रस्ताव रखा तो उन्हें भी मुंह की खानी पड़ी। दरअसल, इनमें से कोई भी विचार नया नहीं है। इन्हें इसलिए नहीं अपनाया गया क्योंकि ये अव्यवहारिक हैं। मसलन, अमेरिका को ही लें, वहां फ़ेडरल विरासत कर नहीं है। केवल छह राज्यों में एक प्रकार का विरासत कर है और इन राज्यों में भी बड़े कॉर्पोरेट या टेक जायंटस नहीं हैं। अन्य राज्यों में विरासत कर इसलिए नहीं लगाया गया है क्योंकि वहां से पूंजी (कैपिटल) छूमंतर हो जायेगी। दुनिया नयी औद्योगिक क्रांति के मध्य में है, जिसका आधार कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी है। यह पिछली औद्योगिक क्रांतियों के पैटर्न का ही पालन कर रही है। टेक्नोलॉजिकल परिवर्तन के लाभ असमतल बहते हैं। ज़ाहिर है कि इस बदलाव के सबसे निचले पायदान पर श्रम है, क्योंकि नई ज़रूरतों की पूर्ति करने के लिए मानव स्किल्स को अपग्रेड करने में समय लगता है। सरकारें इस परिवर्तन के त्वरित (कु)प्रभाव का प्रबंधन करने के लिए कभी-कभार ख़राब विचार लेकर आती हैं; विरासत कर व वेल्थ टैक्स ऐसे ही ख़राब विचार हैं।

यह विचार अपने आपमें हवाहवाई और बेतुका है क्योंकि यह काल्पनिक वेल्थ को अपनी तरफ आकर्षित करता है जैसा कि बाइडेन का वेल्थ टैक्स। इसमें अवास्तविक पूंजी लाभ पर कर लगाना प्रस्तावित है। जिसका अर्थ यह है कि यह भविष्य में होने वाले लाभ या अनुमान लगा लिए गये अनुमान पर लगाया जायेगा। यह विचार कितना अव्यवहारिक है इसका अंदाज़ा एलोन मस्क की घटती बढ़ती 'दौलत' से ही लगाया जा सकता है। दो वर्ष पहले उनका काल्पनिक लाभ आसमान छू रहा था, लेकिन आज शेयर मूल्य में ज़बरदस्त गिरावट के कारण उनकी नेट वर्थ वैसी नहीं रही है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि लाभों के बहाव की जो असमतल गति है, उसके वास्तविक संसार में गंभीर परिणाम हैं। भारत में यह इस रूप में दिखायी देता है कि पिछले चार दशकों में जीडीपी ग्रोथ तो मजबूत हुआ है, लेकिन रोज़गार की संरचना निरंतर कमज़ोर हुई है। ज़मीनी स्तर पर रोज़गार सृजन की गति आर्थिक विकास की तुलना में बहुत धीमी रही है। इस नुकसान को नियंत्रित करने के लिए सत्ता में आने के बाद भारत के सभी राजनीतिक दलों ने वेलफेयर स्टेट का ही विस्तार किया है कि मुफ़्त राशन बांट दो, सब्सिडी दे दो, मुफ़्त रेवड़ियों का चुनावी वायदा कर लो, आदि आदि। यह सभी अस्थायी इलाज हैं। विरासत कर व वेल्थ टैक्स के ज़रिये पैसे का पुन:वितरण भी काउंटरप्रोडक्टिव होगा। गरीबी दूर करने का एकमात्र रास्ता यह है कि ऐसी नीतियां बनायी जायें जो श्रम-सघन निर्माण को प्रोत्साहित करें और ह्यूमन कैपिटल को अपग्रेड करने में ज़बरदस्त निवेश किया जाये। दीर्घकालीन उपाय स्किल्स अपग्रेड करने में ही है। आर्थिक विकास आईपीएल का क्रिकेट मैच नहीं है कि एक टीम को हारना ही है, भले ही स्कोर टाई होने पर सुपर ओवर कराना पड़े। इसमें हर कोई जीत सकता है, बिना किसी के हारे हुए भी। बात केवल इतनी सी है कि आर्थिक गतिविधि के हिस्सेदारी बेस का विस्तार कर दिया जाये कि जो भी इसमें हिस्सा ले उसे अपने प्रयासों का फल मिल जाये। सुनहरा अतीत, जादुई कालीन या रोबिनहुड की तरह रईसों से लेकर गरीबों में बांटना, वह सपने हैं जो रात गुजरने के बाद आंखों से ओझल हो जाते हैं। नई सुबह स्किल्स अपग्रेड करने की है, तभी अपना हिस्सा मिलेगा।

**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

# उच्च शिक्षा में भी बदलाव जरूरी

प्रमोद भार्गव

राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पुस्तकों में पढ़ाए जाने वाले भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रामणकारी नहीं, बल्कि भारतीय मूल के रूप में दर्शाए गए हैं ।21 वर्ष की खींचतान और दुनिया भर में हुए अध्ययनों के बाद तय हो गया कि आर्य सभ्यता' भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का श्रेय राखीगढ़ीमैन' के नाम से प्रसिद्ध प्राध्यापक वसंत शिंदे को जाता है। एनसीईआरटी की कक्षा 12 की किताब में बदलाव किया गया है। इतिहास की पुस्तक में ईट, मोती और हड्डियां ‒हड़प्पा सभ्यता' पाठ में आर्यों को मूल भारतीय बताया गया है। कक्षा 7, 8, 10 व 11 की इतिहास व समाजशास्त्र की पुस्तकों में भी बदलाव किया गया है ।इतिहास तथ्य और घटना के सत्य पर आधारित होता है, इसलिए इसकी साहित्य की तरह व्याख्या संभव नहीं है। विचारधारा के चश्मे से इतिहास को देखना उसके मूल से खिलवाड़ है परंतु अब आर्यों के भारतीय होने संबंधी एक के बाद एक शोध आने के बाद इतिहास बदला जाने लगा है। इस सिलसिले में पहला शोध स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय के टॉमस कीवी शील्ड ने किया था ।2003 में अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स' में प्रकाशित इस शोध-पत्र में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के वंशाणु (जीन) के आधार पर आर्यों को भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि 2009 में वाराणसी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. लालजी सिंह और प्रो. थंगराज ने भी आनुवांशिक परीक्षण के बाद आयरे को मूल भारतीय बताया था। 2019 में प्रो. वसंत शिंदे द्वारा राखीगढ़ी उत्खनन से मिले 4000 साल पुराने वंशाणु की जांच में सबसे बड़ा सच सामने आया। शोध में पाया गया कि राखीगढ़ी से मिला जीन वर्तमान के प्रत्येक भारतीय व्यक्ति में उपलब्ध है। एनसीआरईटी की इतिहास पाठ्यक्रम निर्धारण समिति के अध्यक्ष बनने पर प्रो. शिंदे ने इस तथ्य के आधार पर पाठ्यक्रम में संशोधन कराए हैं ।इसी पुस्तक में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी के नाम के साथ छत्रपति और महाराज जोड़ा गया है। कक्षा 12वीं के समाजशास्त्र विषय के पाठ्यक्रम से सांप्रदायिक दंगों के चित्र हटाए गए हैं। इतिहास की पुस्तकों में यह बदलाव सिनौली-राखीगढ़ी में हुए उत्खननों में मिले साक्ष्यों के आधार पर संभव हुआ है। गोया, अब यह अवधारणा पलट गई है कि आर्य न तो विदेशी थे और न ही उन्होंने भारत पर आक्रमण किया ।हरियाणा के हिसार जिले के राखीगढ़ी में पुरातत्वीय खुदाई में 5000 साल पुराने मिले दो मानव कंकालों के डीएनए अध्ययन के निष्कर्ष से यह धारणा सामने आई है। इन कंकालों में एक पुरुष और एक स्त्री का था। इनके कई नमूने लेकर उनका आनुवांशिक अध्ययन पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, भारत सरकार, डेक्कन विश्वविद्यालय पुणे, सीसीएमबी, हैदराबाद और हार्वड स्कूल ऑफ मेडिसन बोस्टन, यूएसए ने किया है ।डीएनए विश्लेशण में यह भी स्पष्ट हो गया है कि आर्य और द्रविड़ मूल भारतीय हैं। आर्य हमलावर के रूप में विदेश से आए होते और नरसंहार किया होता तो मानव कंकालों के शरीर पर घावों के निशान होते। भारतीय संस्कृति और भाषाएं नष्ट हो गई होतीं। ऐसा होता तो आक्रमण की बात सिद्ध होती। व्यापार, पर्यटन आदि के लिए भारत में विदेशी आते रहे और भारतीय भी विदेश जाते रहे, इन कारणों से जीन में मिलावट होती रही हैं। प्रो. शिंदे ने राखीगढ़ी के उत्खनन के समय बताया था कि अलग-अलग खुदाई में 106 से भी ज्यादा नर-कंकाल मिले। भिन्न आकार-आकृति के हवन-कुंड और कोयले के अवशेष भी मिले हैं। तय है कि भारत में 5000 साल पहले हवन होते थे। यहीं सरस्वती और इसकी सहायक दृश्यवंती नदी के किनारे हड़प्पा सभ्यता के निशान मिले हैं। ये लोग सरस्वती की पूजा करते थे। आनुवांशिक अनुसंधान ऐतिहासिक-अवधारणाओं को बदलने के ये आधार बने हैं। आर्यों' के ऊपर आनुवांशिकी' के आधार पर पहले भी एक शोध सामने आया है। उससे तय हुआ है कि भारतीयों की कोशिकाओं का जो आनुवांशिकी ढांचा है, वह बहुत पुराना है ।डीएनए के आधार पर एक महत्त्वपूर्ण खोज से साबित हुआ है कि भारत के बहुसंख्यक लोगों के दक्षिण भारतीय दो आदिवासी समुदाय पूर्वज हैं। गंगा घाटी से आयरलैंड तक की भाषाएं आर्य परिवार की आर्य भाषाएं हैं। इसी कारण इन भाषाओं में लिपि एवं उच्चारण की भिन्नता होने के बावजूद अपभ्रंशी समरूपता है और इन भाषाओं का उद्गम स्रोत संस्कृत है ।बंगाली इतिहासकार एसी दास इस स्थान अथवा मूल भारतीयों का निवास स्थल सप्त सिंधु' मानते हैं, जो पंजाब में था। अब आर्यों के मूल भारतीय होने की अवधारणा को मान्यता मिल रही है। तब इतिहास के इस तथ्य के बदलाव को केवल शालेय पुस्तकों में परिवर्तन तक सीमित न रखते हुए उच्च शिक्षा में भी बदलाव जरूरी हैं।

## अभिभाषक संघ के चुनाव में हुई धांधली का केस पहुंचा उच्च न्यायालय

विनय उजाला

**नागदा जंक्शन।** अभिभाषक संघ में चुनाव में हुई धांधली के संबंध में याचिकाकर्ता अनोखीलाल एडवोकेट और कुतुबुद्दीन कुरेशी एडवोकेट नागदा द्वारा स्टेट बार कॉन्सिल जबलपुर में एक अपील निर्वाचन अधिकारी लाईक एहमद अंसारी और सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेश तिवारी और दीपक नेगी अभिभाषक के विरुद्ध दायर की थी। उक्त अपील को राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर द्वारा गुण दोसो पर आदेश पारित न करते हुए अपील को 6 दिन की लिमिटेशन (मियाद बाहर) मानते हुए अस्वीकार किया था। जिस पर से अभिभाषक अनोखीलाल सिसोदिया और कुतुबुद्दीन कुरेशी अभिभाषक द्वारा तीनो निर्वाचन अधिकारी के खिलाफ और राज्य अधिवक्ता परिषद की सचिव के खिलाफ उच्च न्यायालय जबलपुर के समक्ष एक पिटीशन फाइल की हे। यहां यह बताना भी आवश्यक है की जो आदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा पारित किया गया है उस पर कोई दीनाक भी अंकित नही है ।इन्ही कारणों से अपील में दोनो अपीलार्थी अधिवक्ता का कहना है की अब निश्चित ही निर्णय पक्ष में आवेगा और नागदा अभिभाषक संघ का हुआ चुनाव निरस्त होकर फिर से चुनाव होगा। यहां विधि के जानकार कमल मालवीय अधिवक्ता का कहना है की जब सुप्रीम कोर्ट लिमिटेशन के प्वाइंट पर लिबरल होकर सालो की मियाद को कम कर गुण दोष पर निर्णय पारित करते हे ।इस संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा कई निर्णय पारित किए हे और अपीलार्थी के वर्षो के विलंब माफ किए हे। जबकि ज्ञात हुआ है की अपीलार्थी गण द्वारा तो अपील के साथ ही अपना लिमिटेशन वाला आवेदन भी पेश कर दिया था। विधि जानकर शैलेंद्र सिंह चौहान अधिवक्ता का कहना है की अपील को दर्ज किए जाने सामने वाले को नोटिस जारी किए जाने उनके जवाब आने बहस सुनने के बाद इस लिमिटेशन सम्या अवधि के प्वाइंट पर अपील खारिज करना संदेह की स्थिति निर्मित करता है। समय अवधि के प्वाइंट पर हर कोर्ट का रुख साफ है। कोर्ट जब लिमिटेशन के प्वाइंट को लिबरल रूप में लेती है ।दोनो विधि जानकर का यह भी कहना है की अपीलार्थिगण द्वारा जो राज्य अधिवक्ता परिषद के निर्णय को चुनौती उच्च न्यायालय में दी हे निश्चित ही उच्च न्यायालय इस पर संज्ञान लेकर उचित निर्णय पारित करेगा। साथ ही उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा प्रत्यर्थी गण लईक एहमद अंसारी राजेश तिवारी और दीपक नेगी को जल्द ही नोटिस मिलने की संभावना है। अब लगता है की नागदा अभिभाषक संघ के चुनाव खटाई में पड़ते हुए नजर आ रहे है अपुलार्थी का कहना है की संघ अध्यक्ष द्वारा पिछले दो वर्षो का हिसाब भी नही दिया जा रहा और नए और पुराने कोष अध्यक्ष को नोटिस दिए जाने के बाद भी आज तक कोई हिसाब संघ के सदस्य के सामने नही रखा है। इसके लिए उन पर अलग से नागदा न्यायालय में कार्यवाही की जावेगी।

## खड़े हनुमान मंदिर पर आतिशबाजी के साथ आरती

**नागदा जंक्शन।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में इंगोरिया रोड़ स्थित खड़े हनुमान मंदिर परिसर में आतिशबाजी के साथ आरती की गई। मंदिर के पुजारी पवनसिंह डोडिया के अनुसार सुबह से मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजन के साथ साथ भंडारा हुआ, जिसमें जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचे, रात्रि आठ बजे आतिशबाजी के साथ आरती की गई, जिसमें आकर्षक विद्युत सज्जा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बिन्दु बनी रही। इस दौरान विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान, सीएसपी बृजेशकुमार श्रीवास्तव, तहसीलदार मुकेश सोनी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## दीपक एडवरटाइजिंग उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा पुन: सूचीबद्ध

**मुंबई (विनय उजाला)।** आउट ऑफ़ बॉक्स क्रिएटिविटी और बेस्ट सर्विसेज की अपनी विशेषता के कारण आज मध्य भारत में लोकप्रिय दीपक एडवरटाइजिंग को पुन: उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा सूचीबद्ध किया गया है। दीपक एडवरटाइजिंग के एमडी श्री दीपक जेठा ने कहा कि एजेंसी के इनोवेटिव एप्रोच के साथ टीम वर्क से ही यह उपलब्धि अर्जित हुई है। दीपक एडवरटाइजिंग द्वारा तैयार होने वाले विज्ञापनों का यूनिक प्रेजेंटेशन क्लाइंट्स और पब्लिक को हमेशा आकर्षित करता है।
उल्लेखनीय है कि एडवरटाइजिंग एजेंसी के रूप में शुरू हुआ दीपक एडवरटाइजिंग का सफर आज 360 डिग्री कम्युनिकेशन सॉल्यूशन प्रोवाइडर के नए आयाम पर पहुँच चुका है। दीपक एडवरटाइजिंग आज देश के 4 राज्यों के छह शहरों इंदौर, गुड़गांव (दिल्ली), जयपुर, भोपाल, नागपुर और जबलपुर में अपनी सेवाएं दे रही है। अपनी रचनात्मक कार्य कुशलता से दीपक एडवरटाइजिंग ने 16 बार एजेंसी ऑफ़ द ईयर अवॉर्ड, सम्मिट इंटरनेशनल गोल्ड अवॉर्ड, प्लेटिनम एजेंसी ऑफ़ द ईयर अवॉर्ड जैसे 181 से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड अर्जित किए हैं। पिछले वर्ष प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुए NHAI (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) के इवेंट्स, मध्य प्रदेश में हुए वंदे भारत एक्सप्रेस लॉन्च इवेंट और क्रेडाई के राष्ट्रीय स्तर के इवेंट का सराहनीय आयोजन कर दीपक एडवरटाइजिंग सम्पूर्ण भारत में चर्चा में रहा।

# पश्चिम रेलवे विभिन्न गंतव्यों के लिए चलाएगी तीन जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें

विनय उजाला




**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विशेष किराये पर तीन जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है-

1. ट्रेन संख्या 09043/09044 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी स्पेशल ट्रेन [02 फेरे]

ट्रेन संख्या 09043 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी स्पेशल शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024 को बांद्रा टर्मिनस से 23.00 बजे प्रस्थान करेगी और रविवार, 28 अप्रैल, 2024 को 23.30 बजे बरौनी पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09044 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल सोमवार, 29 अप्रैल, 2024 को 10.20 बजे बरौनी से प्रस्थान करेगी और बुधवार, 01 मई, 2024 को 07.05 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, बोईसर, वापी, वलसाड, उधना (आगमन 02.20 बजे/प्रस्थान 02.25 बजे), सूरत (आगमन 02.40 बजे/प्रस्थान 02.45 बजे), सायन, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, आगरा फोर्ट, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

2. ट्रेन संख्या 09015/09016 उधना-भागलपुर-पालधी स्पेशल ट्रेन [02 फेरे]

ट्रेन संख्या 09015 उधना-भागलपुर स्पेशल शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024 को 23.15 बजे उधना से प्रस्थान करेगी और रविवार, 28 अप्रैल, 2024 को 16.30 बजे भागलपुर पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09016 भागलपुर-पालधी स्पेशल रविवार, 28 अप्रैल, 2024 को 20.00 बजे भागलपुर से प्रस्थान करेगी और मंगलवार, 30 अप्रैल, 2024 को 11.50 बजे पालधी पहुंचेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में भुसावल, खंडवा, इटारसी, रानी कमलापति, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, किऊल, अभयपुर, जमालपुर और सुल्तानगंज स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09015 का चलथान (आगमन 23.30 बजे/प्रस्थान 23.35 बजे), बारडोली, व्यारा और नंदुरबार स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव होगा।

इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

3. ट्रेन संख्या 09335/09336 इंदौर-हावड़ा स्पेशल ट्रेन [02 फेरे]

ट्रेन संख्या 09335 इंदौर-हावड़ा स्पेशल शुक्रवार, 26 अप्रैल, 2024 को इंदौर से 22.30 बजे प्रस्थान करेगी और रविवार, 28 अप्रैल, 2024 को 7.00 बजे हावड़ा पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09336 हावड़ा - इंदौर स्पेशल रविवार, 28 अप्रैल, 2024 को सुबह 10.00 बजे हावड़ा से प्रस्थान करेगी। और अगले दिन 19.30 बजे इंदौर पहुंचेगी।


यह ट्रेन दोनों दिशाओं में देवास, उज्जैन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज, बनारस, पं. दीन दयाल उपाध्याय, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, गया, कोडरमा, पारसनाथ, गोमो, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर और बर्द्धमान स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 09043, 09015 एवं 09335 की बुकिंग 26 अप्रैल, 2024 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव के समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### व्यय प्रेक्षक द्वय ने किया एमसीएमसी सेंटर का निरीक्षण



**खरगोन, निप्र।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा खरगोन-बड़वानी लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-27 के लिए नियुक्ति व्यय प्रेक्षक श्री यतिश मनी एवं खण्डवा लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-28 के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री अमित चन्द्र सुनल ने 25 अप्रैल को कलेक्ट्रेट कार्यालय खरगोन पहुंचकर प्रिंट, इलेक्ट्रानिक एवं सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए बनाएं गए एमसीएमसी सेंटर का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने पैड न्यूज की सतर्कता के साथ मॉनिटरिंग करने एवं इलेक्ट्रानिक एवं सोशल मीडिया पर होने वाले प्रचार पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। लोकसभा क्षेत्र खण्डवा के व्यय प्रेक्षक श्री सुनल ने इस दौरान कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा से सौजन्य भेंट की। इस दौरान व्यय लेखा के नोडल अधिकारी श्री आनंद पटले, लाइजिनिंग अधिकारी श्री सावन चौहान एवं व्यय लेखा टीम के सदस्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि खरगोन जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र बड़वाह एवं भीकनगांव खण्डवा लोकसभा क्षेत्र में शामिल है।

### सामान्य प्रेक्षक श्री गोवेकर मयूर रतीलाल ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



**खरगोन, निप्र।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा खरगोन-बड़वानी लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री गोवेकर मयूर रतीलाल खरगोन पहुंच गए हैं। उनके द्वारा 24 अप्रैल को पीजी कॉलेज खरगोन में बनाए गए स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठोर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जे.एस. बघेल, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, एसडीएम श्री भास्कर गाचले एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### खण्डवा लोकसभा क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक ने भीकनगांव विधानसभा के चेक पोस्ट एवं कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया



**खरगोन, निप्र।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में खंडवा-खरगोन 28 लोकसभा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री अमित चंद्र सुनल द्वारा 25 अप्रैल को खरगोन जिले की भीकनगांव विधानसभा का भ्रमण किया गया। जिसके अंतर्गत उन्होंने भातलपुरा चेक पोस्ट का निरीक्षण कर वहां पर उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों से चर्चा की और चेक पोस्ट पर की गई कार्यवाही की समीक्षा कर आवश्यक सलाह दी। खरगोन, निप्र। व्यय प्रेक्षक श्री सुनल ने भीकनगांव में सहायक व्यय लेखा टीम के आफिस में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियो द्वारा राजनीतिक पार्टियों तथा प्रत्याशियों के व्यय लेखा रजिस्टरों का अवलोकन किया। इसके साथ उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 24 घण्टे कार्य करने वाले एस एस टी, एफ एसटी टीमो के कर्मचरियो, शिकायत शाखा तथा सी-विजिल सेंटर का निरीक्षण कर आवश्यक रिकार्ड तथा शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया देखी और कम्युनिकेशन टीम से चर्चा की। उन्होंने सहायक रिटर्निंग अधिकारी बीएस कलेश एवं पुलिस अधिकारियों से लोकसभा चुनाव के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर आवश्यक सलाह दी। इस दौरान व्यय प्रेक्षक के साथ लाईजनिंग अधिकारी श्री राहुल सूर्यवंशी, जिला कोषालय अधिकारी श्री आनंद पटले तथा व्यय के कार्य में नियुक्त सभी अधिकारी उपस्थित थे।

### बोर्ड परक्षित परीणाम शत-प्रतिशत रहा

**बडवानी, निप्र।** आज मा.शि. मण्डल भोपाल द्वारा घोषित परीक्षा परीणाम में सीएम राइज मॉडल उमावि बड़वानी का परीक्षा परिणाम कक्षा 10 वी एवं 12 वीं का शत प्रतिशत रहा। कक्षा 12 वीं में कुल सम्मिलित 35 विद्यार्थियों में पुरे 35 उत्तीर्ण हुए जिनमें 05 विद्यार्थी लैपटॉप के दावेदार होंगे। कक्षा 10 वीं में कुल सम्मिलित 46 विद्यार्थियों में से पुरे 46 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 100% परीणाम रहा। संस्था की बेहतरीन उपलब्धि का श्रेय प्राचार्य द्वारा आपने शिक्षकों को दिया गया। ज्ञातव्य है कि पिछले दिनों इस संस्था के 35.77 करोड़ से निर्मित होने वाले सीएम राज भवन के भूमिपूजन के समय प्राचार्य द्वारा अपने उद्‌बोधन में कहा गया था कि हम इस बार दोनों बोर्ड कक्षाओं को परीक्षा परिणाम 100% देंगे।

### एमपीटास छात्रवृत्ति कार्य में लापरवाही का मामला, 144 संस्था प्रमुखों को कारण बताओ नोटिस जारी

**खरगोन, निप्र।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री एसके कानुड़े ने 61 शासकीय संस्थाओं के प्राचार्य एवं 83 अशासकीय संस्थाओं के प्रमुखों द्वारा एमपीटास पोर्टल के माध्यम से भुगतान की जाने वाली छात्रवृत्ति के प्रकरणों में लापरवाही बरते जाने पर उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया है। 25 अप्रैल को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बड़वाह एवं कसरावद के प्राचार्यों की बैठक रखी गई थी। इस बैठक में वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 में एमपीटास पोर्टल के माध्यम से छात्रवृत्ति स्वीकृति की समीक्षा की गई। इस बैठक में बड़वाह के 61 शासकीय विद्यालयों के एवं 83 अशासकीय संस्थाओं के प्रभारी/प्राचार्य अनुपस्थित पाए गए। बैठक से अनुपस्थित रहे इन संस्था प्रमुखों की छात्रवृत्ति स्वीकृति की प्रगति बहुत कम थी। इन संस्थाओं के प्रमुखों द्वारा अपने कार्य के प्रति सजगता नहीं दिखाने एवं लापरवाही बरतने के कारण उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। शासकीय संस्थओं के प्रमुखों को कारण बताने कहा गया है कि क्यों न उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। इसी प्रकार अशासकीय संस्थाओं के प्रमुखों को कारण बताने कहा गया है कि क्यों न उनकी संस्था की मान्यता समाप्त कर दी जाए।

---

### खरगोन में मतदाता जागरूकता रैली निकाल नागरिकों को किया मतदान के लिये प्रेरित

# कलेक्टर ने आसमान में पंतग उड़ाकर और गुब्बारे छोड़कर दिया मतदान का संदेश

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कर्मवीर शर्मा एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री आकाश सिंह के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत जिले में व्यापक स्तर पर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में 25 अप्रैल को जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री आकाश सिंह द्वारा एसडीएम कार्यालय से मतदाता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रैली का आयोजन एसडीएम कार्यालय से उत्कृष्ट विद्यालय तक किया गया।**






मतदाता जागरूकता रैली के समापन अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कर्मवीर शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाते हुए शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मतदाता जागरूकता के स्लोगन लिखी हुई पतंगे उड़ाई, महिला बाल विकास के कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता के स्लोगन लिखी मेहंदी रचाई और रंगोली भी बनाई गई। विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाते हुए शुभिन्नक चिन्ह घूमते तीरों वाली सिल की आकृति बनाई गई।

उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्री शर्मा द्वारा आकाश में पंतग उड़कार और गुब्बारे छोड़कर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। इस संदेश के माध्यम से कहा गया है कि आप स्वयं तो मतदान करें ही साथ ही अपने रिश्तेदारो, पडोसियो को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

रैली में स्कूली छात्र-छात्राएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, शहर के नागरिकगण सहित जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुए। इस दौरान खरगोन एसडीएम श्री भास्कर गाचले, सीएमओ नगर पालिका परिषद खरगोन श्री मंसाराम निगवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्रीमती भारती आवास्या, जिला शिक्षा अधिकारी श्री शैलेंद्र कुमार कानूडे, पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ. आरएस देवड़ा, महिला बाल विकास महिला सशक्तिकरण अधिकारी मोनिका बघेल, खेल युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती पीवी दुबे, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पवन शाह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

इस दौरान अधिकारियों कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता के सेल्फी स्टैंड पर सेल्फी लेने में भी उत्साह दिखाया तथा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अधिकारीयों कर्मचारियों ने हस्ताक्षर का किए रैली में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षक, शिक्षिकाओं, महिला बाल विकास के कर्मचारियों, नगर पालिका के कर्मचारियों तथा अन्य विभाग अधिकारी, कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की।

---

# कलेक्टर ने आपराधिक प्रवृत्ति के 37 व्यक्तियों को किया जिला बदर

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कर्मवीर शर्मा द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए आदतन अपराधियो को पुलिस अधीक्षक खरगोन से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम-1990 के तहत 37 व्यक्तियों के विरूद्ध जिला बदर करने के आदेश पारित किये है।

### इन्हें किया जिला बदर

आपराधिक गतिविधियों में लिप्त औरंगपुरा थाना खरगोन निवासी शिवा पिता बद्री, ईस्लामपुरा मुक्तिधाम के पास थाना खरगोन निवासी वसीम पिता अब्दुल रेहमान मंसुरी, नाग मंदिर आनंद नगर के पास थाना खरगोन निवासी प्रवीण पिता सुभाष हरिजन, कुम्हारखेड़ा थाना खरगोन निवासी शहरूख उर्फ उस्ताद पिता शाकीर शेख, मस्जिद गली टेकडी मोहल्ला थाना खरगोन निवासी टिंगू उर्फ टाइगर उर्फ मोहसीन पिता हकीम दलाल, जैतापुर थाना मेनगांव निवासी अमित उर्फ बंदी पिता कैलाश यादव, चंदर कालोनी थाना बैडिया निवासी आकाश पिता बाबुलाल सोलकी, चंदर कालोनी थाना बैडिया निवासी राम पिता धन्नालाल भालसे, गांधी चौक थाना ऊन निवासी गोलू उर्फ पंकज पिता मनोहर जायसवाल, बढ़ा नवाडपुरा थाना ऊन निवासी जितेन्द्र पिता किशन पंचोली, तलकपुरा थाना ऊन निवासी सचिन पिता सेवकराम राठौड, चारण बस्ती तालाब पार ऊन थाना ऊन निवासी मुकेश पिता सुरेन्द्र मानकर, सुभाष चौक थाना ऊन निवासी राकेश पिता लक्ष्मण वर्मा, तालाब पार थाना ऊन निवासी प्रहलाद पिता चन्दर कोली, सतावड थाना ऊन निवासी आशिष पिता सुखलाल, कुम्हारवाडा हाल मुकाम अमन नगर निवासी आवेश पिता शरीफ, अंजुम नगर थाना खरगोन निवासी यासीर पिता कल्लु उर्फ इब्राहीम, मोतीराम थाना खरगोन निवासी विमल पिता प्रहलादसिंह यादव, जलकोटी थाना महेश्वर निवासी भीम पिता कन्हैयालाल वर्मा, दशहरा मैदान थाना बड़वाह निवासी दिनेश पिता उमराव प्रजापत, जुनाराम मंदिर थाना महेश्वर निवासी इरशाद पिता गफ्फार खान, सैय्यद गली थाना बड़वाह निवासी जुन्ना उर्फ जुनैद पिता उफ्फा उर्फ सीक, जंयतीमाता रोड़ थाना बड़वाह निवासी रवि उर्फ भुरू पिता कालु यादव, ईदगाह टेकरी थाना सनावद निवासी सद्धाम पिता गफ्फार, तवडीपुरा थाना सनावद निवासी नारायण उर्फ डॉन पिता बाबुलाल बैसवार, संजयनगर थाना सनावद निवासी दिलीप उर्फ दिल्लू पिता मोतीराम, बामनपुरी थाना बिस्टान निवासी रावजी पिता जगन्नाथ, बामनपुरी थाना बिस्टान निवासी पाटीदार पिता रूमाल, बामनपुरी थाना बिस्टान निवासी लालु पिता फुलसिंह, मदनी थाना भगवानपुरा निवासी योगेश उर्फ कालु पिता दुर्गालाल कलाल, डोगरचिचली थाना बरूड निवासी विश्राम उर्फ कालु पिता रामा मेघवाल, सगडियाव थाना सनावद निवासी कालू उर्फ इलियास पिता खुर्शीद खान, केली थाना ऊन निवासी फुलसिंह पिता नानसिंह, सगडियांव थाना सनावद निवासी शाहनवाज खान पिता ईस्माईल खान, बजरंग घाट थाना बडवाह निवासी सिकन्दर पिता मुबारिक बेग, महेश्वर रोड़ थाना बड़वाह निवासी गरबा उर्फ विजय पिता मोहन मुजाल्दे एवं ग्राम ऊन थाना ऊन निवासी मनीष पिता नारायण थारवाल को जिला बदर किया गया है।

---

# हाई स्कूल छोटी खरगोन में मोहित हिरवे प्रथम रहे



विनय उजाला

**मण्डलेश्वर, निप्र।** बुधवार दोपहर करीब 4 बजे माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने कक्षा 10 वी और 12 वी का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। वही महेश्वर क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल छोटी खरगोन में कक्षा 10 वी का वार्षिक परीक्षा परिणाम 86.46 प्रतिशत रहा।

जहां 12 विधार्थी प्रथम श्रेणी में एवं 20 विधार्थी द्वितीय श्रेणी में रहे। कक्षा में प्रथम स्थान पर मोहित सुखराम हिरवे रहे जिन्होंने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। व द्वितीय श्रेणी में सलोनी चटर्जी रही जिन्होंने 76.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। प्राचार्य श्रीमति सुभद्रा सांवले ने बताया कि प्रतिवर्ष हमारे स्कूल का परिणाम बेहतर हो रहा है।

जहां शिक्षक श्री शिरीष राठौड़, शांति डावर, सीमा भालसे, कोमल रंसोरे, तनीषा यादव आदि शिक्षको ने हर्ष व्यक्त किया और संस्था के सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कर मिठाई खिलाई।

---

## नगर की सानिया पठान ने किया हायर सेकेंडरी परीक्षा में टॉप, पिता का सहयोग सफलता दिलाने में रहा सहायक

### डॉक्टर बनकर समाज सेवा करना चाहती है सानिया



विनय उजाला

**मण्डलेश्वर, निप्र।** नगर के शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल की छात्रा कुमारी सानिया पठान ने हायर सेकंडरी की परीक्षा में 92त्न मार्क्स लॉकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। परम्परागत मुस्लिम परिवार में जन्मी सानिया के पिता शहीद पठान एक व्यावसायिक फोटोग्राफर और माता गृहणी है । पिता हाय स्कूल तक शिक्षित होकर उन्होंने सानिया को उसकी मर्जी के अनुसार डॉक्टर बनाने के लिये जो माहौल दिया उसके कारण आज सानिया स्कूल में टॉप रही और नीट एक्जाम की तैयारी कर रही है। एक निजी स्कूल से प्राथमिक तक पढ़ने के बाद 12 वी तक कि पढ़ाई शासकीय स्कूल में की। पढ़ने में होशियार रही सानिया ने हाय स्कूल परीक्षा भी 93त्न से पास की थी । पढ़ाई के अलावा सानिया ने पाली राजस्थान में आयोजित स्काउट की नेशनल जम्बूरी में भी भाग लेकर विद्यालय का मान बढ़ाया था। सानिया की दिनचार्य भी सभी विद्यार्थियों के लिये प्रेरणादायक है वे मोबाइल को अभिशाप मानती है। उन्होंने मोबाइल का यूज पढ़ाई में नही किया। एन सी ई आर टी की पुस्तकों से पढ़ाई करने वाली सानिया नीट एक्जाम में भी टॉप आना चाहती है।

---

### केंद्रीय जेल बड़वानी में बंदी भाई सद्ज्ञान का पाठ पड़ रहे है

# गायत्री परिवार द्वारा प्रेरक प्रसंग और महा पुरुषो की जीवनी से बंदीओ का मनोबल बड़ाया जा रहा है

विनय उजाला

**बडवानी, निप्र।** केंद्रीय जेल में दस दिवसीय आत्म परिष्कार जीवन साधना शिविर में सातवे दिन गायत्री परिवार के जिला समन्वयक शिविर प्रभारी श्री महेंद्र भावसार ने बंदी भाईयो को गायत्री मंत्र की शक्ति और श्रृद्धा के साथ भक्ति पर मार्गदर्शन दिया। शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कविता जी भदौरिया ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की बंदी गृह साधना की तपोभूमि है। बंदी भाई अपनी भूल को सुधारे अच्छे नागरिक बने और समाज के काम आए। साहित्यकार शिक्षाविद श्रीमती सुरेखा जी पिपलोदिया ने सारगर्भित विचार रखते हुआ कहा की कोई बालक कुवा में गिर जाता है हाथ पैर मारता है निकलने के लिए रस्सी डालते है उसको पकड़ कर सुरक्षित बाहर आ जाता है वैसे ही तुम बंदी भाई जेल रूपी कुआ में गिरे है गायत्री परिवार संस्कार रूपी रस्सी आपके लिए लाया है इसको पकड़ कर आप बाहर निकल जाए और नए जीवन की शुरुवात करे। गायत्री परिवार के वरिष्ठ गोपालकृष्ण जी प्रजापति ने गायत्री मंत्र लेखन साधना और दैनिक दिनचर्या की विस्तृत व्याख्या की। डॉक्टर चक्रेश जी पहांडीया ने स्वास्थ के प्रति सुरक्षा पर विचार रखे। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन , गुरु पूजन गायत्री पूजन अतिथियों द्वारा कर कें किया। जेलर कुसुम बघेल शिविर सयोजन उप जेलर श्री विनय काबरा जेल अधीक्षक शैफाली जी तिवारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की गायत्री परिवार का प्रयास निश्चित ही बन्दीगण के विचार परिवर्तन में सफल होगा। अलग अलग विषयों पर उनके बीच अच्छी अच्छी बाते रखना शानदार कार्य है।





---

### उमिया माता के 9 फोटो मंदिरो एवं एक शिखर मंदिर की होगी स्थापना

**मण्डलेश्वर, निप्र।** गुजरात के श्री उमिया माताजी संस्थान उंझा की स्थानीय इकाई की बैठक गत दिनों संपन्न हुई जिसमे इकाई के विभिन्न सदस्य ने संस्थान के विजन के अंतर्गत आगामी 2030 तक 1001 फोटो एवं शिखर मंदिर निर्माण की प्रस्तावित योजना के अंतर्गत आगामी आयोजनों की रूपरेखा बनाई। उमिया धाम करौंदिया के जिला प्रभारी रामचंद्र पाटीदार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया की इस योजना के अंतर्गत अभी तक श्री उमिया माताजी के 550 फोटो एवं शिखर मंदिरों का निर्माण किया जा चुका है। गत वर्ष खरगोन जिले में 8 मंदिरों की स्थापना की गई थी। इसी श्रंखला में इस वर्ष आगामी 27-29 अप्रैल 9 फोटो मंदिर एवं 1 शिखर मंदिर की स्थापना प्रस्तावित की गई है। पाटीदार ने आगे जानकारी देते हुए बताया की मंदिरों की स्थापना के दौरान उमिया माताजी संस्थान उंझा के अध्यक्ष बाबूलाल जमुना दास पटेल, विजन 2030 के संयोजक गोविंद भाई वरमोड़ा, महामंत्री दिलीप भाई पटेल, उमिया परिवार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण भाई पटेल सहित ईश्वर भाई पटेल एवं पाटीदार समाज संगठन के जिला एवं तहसीलों के अध्यक्ष व पदाधिकारी, पाटीदार समाज द्वारा संचालित संस्थाओं के पदाधिकारी एवं समाज के वरिष्ठ समाजसेवी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

---

### शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की बालिका जिले की प्रावीण्य सूची में

# 17 बालिकाओं को मिलेगा लैपटॉप 08 बालक भी पाएंगे मेघावी छात्र अंतर्गत लैपटॉप

विनय उजाला

**मण्डलेश्वर, निप्र। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की हाय स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल परीक्षा में नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की बालिकाओं ने स्वर्णिम सफलता प्राप्त की है। कक्षा 12 वी गृह विज्ञान की छात्रा शिरीन जाकिर शेख ने जिले की टॉप टेन प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है।**



विद्यालय में सर्वोच्च स्थान बॉयो की स्टूडेंट सानिया शहीद पठान को मिला है उन्होंने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किये है । हाय स्कूल परीक्षा में जिन विषयो का रिजल्ट शत शत प्रतिशत रहा है उनमें ब्यूटी एन्ड वेलनेस हिंदी संस्कृत गणित सामाजिक विज्ञान शामिल है । हायर सेकण्डरी परीक्षा में गृह विज्ञान इतिहास समाजशास्त्र जीव विज्ञान भौतिक में परिणाम शत प्रतिशत रहा । शत प्रतिशत परिणाम देने वाली शिक्षिकाओं में मोनिका मंडलोई प्रिया कोठारी मेघना कानूनगो प्रिया पांडे किरण दवाड़े सीमा भटोरे ज्योत्सना शर्मा कविता भालसे मधुबाला चौहान मनीषा ठाकुर अरुणा सोलंकी शामिल है। शिक्षक श्रीमती शबनम खान ने बताया कि विद्यालय की 17 बालिकाओं ने राज्य शासन से लैपटॉप प्राप्त करने की योग्यता 75 परसेंट मार्क्स प्राप्त किये हैं ।

**बहु ने गृहस्थी संभालने के साथ पास की हायर सेकंडरी परीक्षा :** नगर के पटलारा मोहल्ला निवासी गोपाल तोमर की पत्नी श्रीमती भारती तोमर ने हायर सेकंडरी परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर परिवार का मान बढ़ाया है ।2013 में नागदा से मण्डलेश्वर में बहु बनकर आई भारती को पढ़ाई छोड़ना पड़ी थी उनका 10 साल का एक बेटा है ।उनके मन मे पढ़ने की इच्छा देखकर पति गोपाल ने हाय स्कूल प्रायवेट पास करवाने के बाद 11 वी में रेगुलर एडमिशन शासकीय कन्या उ मा विद्यालय में करवाया जहाँ से उन्होंने आर्ट विषय से 12 वी की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। वे अपनी सफलता के पीछे पति की भूमिका को महत्वपूर्ण मानती है। भारती भविष्य में शिक्षक बनकर सेवा करना चाहती है । कला संकाय के शिक्षक संजय राज पाटीदार ने बताया कि आर्ट ग्रुप में 18 लड़कियों में से सभी ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की है ।

**महात्मा गांधी स्कूल में कृषि संकाय का परिणाम शत प्रतिशत :** नगर के प्रतिष्ठित महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हाईस्कूल परीक्षा बलराम पंवार ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान त्रिशिक वास्केल ने दूसरा एवं देवेन्द्र कानपुरे ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

हायर सेकंडरी परीक्षा में गणित विषय से धीरज मंसारे बायोलॉजी से जीवन अहुरिया कामर्स से मनीष कानूडे कृषि से धीरेन्द्र मण्डलोई ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य जे के सोनी ने बताया कि इस बार कृषि संकाय का परिणाम शत प्रतिशत रहा है रसायन शास्त्र फसल उत्पादन पशुपालन विषयो में परिणाम शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय से 6 विद्यार्थियों ने लैपटॉप पाने की योग्यता प्राप्त की है।

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण निर्विघ्न संपन्न कराने हेतु पुलिस द्वारा महाराष्ट्र से लगे अंतरराज्यीय सीमावर्ती चेक प्वाइंटों पर सघनता से की जा रही चेकिंग



**बुरहानपुर, निप्र।** पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर श्री देवेंद्र कुमार पाटीदार द्वारा जिले में शांति, कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखते हुए लोकसभा निर्वाचन 2024 निर्विघ्न संपन्न करवाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत चेकिंग पॉइंट्स बनाकर सघनता एवं बारीकी से वाहन चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया है। वाहन चैकिंग में अवैध मादक पदार्थ, शस्त्र, प्रतिबंधित सामग्री के परिवहन को रोकने के साथ-साथ क्षेत्र की शांति भंग करने वाले आपराधिक तत्वों पर भी निगरानी रखने एवं वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अंतर सिंह कनेश , नगर पुलिस अधीक्षक श्री गौरव पाटिल, एसडीओपी नेपानगर श्री निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा टीम बनाकर सतत चेकिंग की कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीमों द्वारा चेक प्वाइंट अंतुर्ली फाटा, भोटा फाटा , पांढरी चेक पोस्ट, डेढ़ तलाई चेक पोस्ट, लोनी आरटीओ बैरियर, पुराना आरटीओ बैरियर, दवाटीया, असीरगढ़ आदि स्थानों पर सघनता से चेकिंग की जा रही है। महाराष्ट्र बॉर्डर से लगे नाकों पर चेकिंग के दौरान महाराष्ट्र के सीमावर्ती थानों से परस्पर समन्वय बनाकर कार्यवाही की जा रही है। शहर में भी चारों थाना क्षेत्रों में प्रतिदिन वाहन चैकिंग की कार्यवाही की जा रही है।

### साईकिल रैली के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाया मतदान करने का संदेश



**बुरहानपुर, निप्र।** ' 'सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो", "अपना फर्ज निभाना है, मतदान करने जाना है" के नारे के साथ मतदाताओं को जागरूक करते हुए साईकिल रैली का शुभारंभ किया गया। यह साईकिल रैली शनवारा चौराहा, सिंधी बस्ती, मरीचिका गार्डन से होते हुए रेल्वे स्टेशन लालबाग में संपन्न हुई। रैली का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र के महापर्व में 13 मई, 2024 को अधिक से अधिक मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि जिले का हर मतदाता अपने मताधिकार का महत्व जाने तथा उसका उपयोग कर सकें। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री भव्या मित्तल के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आयोजित साईकिल रैली में स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमति सृष्टि देशमुख की उपस्थिति में विद्यार्थियों सहित अधिकारियों व कर्मचारियों ने उत्साह के साथ साईकिल रैली में सहभागिता की। इस अवसर पर उपस्थितजनों को मतदान की शपथ भी दिलाई गई। जिला प्रशासन द्वारा आव्हान किया गया है कि, जिले में 13 मई को होने वाले मतदान दिवस में सभी को अपने घर से निकलकर मतदान करने अवश्य जाना है। मतदाता अपने आस-पास के नागरिकों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें तथा उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करे।


# राजनीति सूत्रों की माने तो खंडवा संसदीय क्षेत्र के निष्कासित भाजपाइयों का मामला मध्य प्रदेश के बाद दिल्ली दरबार पहुंचा

## मुख्यमंत्री मोहन यादव की पहली सभा में ही खंडवा में भीड़ नहीं, संघ और भाजपा में चिंता का बना विषय

विजय निंभौरे

**बुरहानपुर। खंडवा संसदीय क्षेत्र कि हम बात करें तो कांग्रेस ने कम समय में जमीनी स्तर पर सक्रियता बड़ा दी हे।सारे कांग्रेसी भी एकजुट हो गए हैं कांग्रेस ने निष्कासितो को लेकर खंडवा संसदीय क्षेत्र में काफी तेजी से चुनावी रणनीति का कार्य भी शुरू कर दिया है।**









हम बात करे बुरहानपुर विधानसभा चुनाव में भाजपा में भी लगभग भारी संख्या में भाजपाइयों ने इस्तीफा दिया था तो किसी को पार्टी ने निष्कासित किया इसीलिए इन सब निष्कासित का कहना था कि हमें पार्टी से कोई नाराजगी नहीं लेकिन पार्टी ने जिस प्रत्याशी को टिकट दिया है उसे नाराजी इसी के कारण कई भाजपा के दिग्गज नेताओं ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा स्वर्गीय नंदकुमार सिंह चौहान के पुत्र हर्षवर्धन सिंह चौहान ने वह उनके समर्थन में कई भाजपाइयों ने इस्तिफो की झड़ी लगा दी लेकिन अब राजनीति के जानकार बता रहे हैं कि खंडवा संसदीय सीट पर भाजपा को खतरा मंडरा रहा हे।क्योंकि भाजपा के कई दिग्गज अभी पार्टी से बाहर और वहां इन दिनों आराम फरमा रहे इतना ही नहीं हम बात करें खंडवा संसदीय क्षेत्र के भाजपा के प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल के पक्ष में मतदान करने के मामले में खंडवा में मुख्यमंत्री मोहन यादव की पहली सभा में ही भीड़ नहीं होने से भाजपा के वरिष्ठ में काफी नाराजगी एवं संघ में भी चिंता का विषय बना हुआ है, इसकी रिपोर्ट संघ कार्यालय एवं दिल्ली दरबार तक पहुंच गई लेकिन इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अमित शाह सही जेपी नड्डा ने भी संज्ञान में लिया है। अब भाजपा भी क्या,,कांग्रेस के पैटर्न पर आ सकती है इसीलिए जिस प्रकार से कांग्रेसियों ने निष्कासितो को घर वापसी बुला लिया है अब भाजपा भी क्या इस प्रकार के रणनीति में जुट गई है।

बुरहानपुर विधानसभा एवं नेपानगर विधानसभा में भाजपा ने कई नेताओं को निष्कासित किया है वह नेता काफी मजबूत और सक्रिय है राजनीति जानकारी यहां तक बता रहे हैं कि खंडवा संसदीय क्षेत्र के जितने भी निष्कासित भाजपाई जो है वहीं अब भाजपा की हार और जीत का निर्णय तय कर सकते हैं!

राजनीति विशेषज्ञ यहां भी बता रहे हैं कि भाजपा यदि खंडवा संसदीय क्षेत्र के जितने भी निष्कासित भाजपाइ जो है उनको यदि घर वापसी बुलाती है तो भाजपा को 6 लाख मतों का लाभ होने की संभावना मानी जा रही है। इतना ही नहीं खंडवा संसदीय क्षेत्र पहले कांग्रेसियों का गड माना जाता था लेकिन उसे भाजपामय बनाने में स्वर्गीय नंदकुमार सिंह चौहान ने खून पसीना बहा कर उसे पूरा भाजपा के कब्जे में कर रखा है लेकिन स्वर्गीय नंदकुमार सिंह चौहान के निधन के बाद उपचुनाव मे चुनाव जीते ज्ञानेश्वर पाटिल केवल 80000 मतों से लेकिन स्वर्गीय नंदकुमार सिंह चौहान खंडवा संसदीय क्षेत्र से 2लाख 75000 मतों से विजय हासिल करते थे, राजनीति जानकारों ,,कि तो यहां भी बता रहे हैं कि स्वर्ग नंदकुमार सिंह चौहान की सहानुभूति में तो पाटिल ने 3 लाख के आसपास आंकड़ा पहुंचना था लेकिन 2 लाख मतों का आंकड़ा कम होना यह भाजपा की टेंशन बढ़ा दी है और अभी भी कई दिग्गजों को निष्कासित होने के कारण भाजपा को उसका नुकसान होने की अधिक संभावना मानी जा रही है!

खास बात तो यह है कि खंडवा संसदीय क्षेत्र के सबसे भाजपा के दिग्गज नेता रहे स्वर्गीय नंदकुमार सिंह चौहान के पुत्र हर्षवर्धन ही अभी भाजपा से बाहर है जिसके कारण भाजपा को और भी नुकसान हो सकता है। बुरहानपुर विधानसभा एवं नेपानगर विधानसभा से यह दिग्गज अभी निष्कासित है स्वर्गीय नंदकुमार सिंह चौहान के पुत्र हर्षवर्धन सिंह चौहान पूर्व निगम अध्यक्ष मनोज तारवाला युवराज महाजन राजू जोशी प्रवीण काटकर, रतीलाल चिल्लातरे, लक्ष्मण महाजन प्रवीण शाहाने, लगभग 40 से अधिक भाजपा के निष्कासित नेता हैं।

## बुरहानपुर के यूनिक पब्लिक स्कूल में 12वीं की छात्रा अलीशा ने बिना कोचिंग के कड़ी मेहनत कर फर्स्ट डिवीजन लाकर माता-पिता एवं स्कूल सहित जिले का नाम किया रोशन

### पिता बोले बेटी को देश की सेवा करने चाहत..... पावरलूम में मजदूरी करके बच्ची के सपनों को साकार करने में पिता

विनय उजाला





**बुरहानपुर, निप्र।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के द्वारा बुधवार को 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए हैं जिसमें एक बार फिर से छात्रा ने बाजी मारी है बुरहानपुर के अंडा बाजार स्थित यूनिक पब्लिक स्कूल में अलिशा हुसैन पिता साबिर ने बताया कि मेरी बच्ची बिना कोचिंग के घर पर ही पढ़ाई करती है और 10 से 12 घंटे कंटिन्यू पढ़ाई करती है मैं लूम की मजदूरी करने जाता हूं और मेरी भी ख्वाहिश है कि मैं मेरी बेटी को पढ़ने में कोई कसर नहीं छोड़ोगे फिलहाल घर की परिस्थितियों तो कमजोर है उसके बाद भी मेरी बेटी का मैं पढ़ाई में कभी हौसला कम नहीं होने देता हूं मेरी बेटी अलीशा एमबीबीएस की चाहत रखती है और वह आईएएस बनने का सपना संजोया रखी है जितना भी हो सके मैं बच्ची के लिए हरदम मेहनत करता हूं 12वीं में अलीशा ने 500 में से 451 अंक हासिल किया इतना ही नहीं यह बच्ची इंग्लिश मीडियम से पढ़ाई करती है छोटी उम्र हो बड़े ख्वाब दिमाग में सजा रखे हैं। अलीशा स्कूल में अच्छे अंक आने पर अपने परिवार एवं समाज और जिले स्कूल का नाम रोशन किया है एक गरीब परिवार में रहकर इस बच्ची ने एक नए इतिहास रचा इतना ही नहीं बच्चे काफी समय से पढ़ाई में कड़ी मेहनत करती है। बुरहानपुर मुस्लिम बालिकाओं की शिक्षा में यूनिक पब्लिक स्कूल ने शैक्षणिक सत्र 2023- 24 के बोर्ड परीक्षा परिणाम में विशेष उपलब्धि हासिल की है। यहां की निम्नलिखित छात्राओं ने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर शाला परिवार, माता-पिता व शहर के नाम को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर शाला के अध्यक्ष अलहाज सैय्यद फरीद सेठ,चेयर पर्सन श्रीमती आरिफा शिरीन सैय्यद व शाला परिवार की ओर से स्कूल की प्राचार्या और टीचिंग, नॉन टीचिंग स्टाफ उत्तीर्ण बच्चों को हार्दिक बधाई व उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

#### कक्षा 12वीं

अलीशा हुसैन 90.2त्न, हिना बानो 89.6%, हुमेरा शेख़ 88.8%, एंजिला बेगम 85.8%, समरीन शेख़ 83.2%.

#### कक्षा दसवीं

सादिया सदफ अंसारी 91%, बुशरा 89.2%, तहुरा फ़िरदौस 88.4%, तसनीम ज़ारा 87%, कुबा सदफ अंसारी 86%, उमेमा आशना 83%, फैज़ा फातिमा 82.6%, सना कौसर 81.4%, रिफत नाज़ 81.2%, सालेहा इशरत 80.8%, ज़ारा जबीन 80.6% , उमेरा अंजुम 80.2%. । छात्रा आलिशा हुसैन साबिर हुसैन की इस उपलब्धि पर डॉक्टर मेहमूद खान, डॉक्टर आसिम खान एवं समस्त परिवार जनों ने उसे बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## मलेरिया दिवस मनाया



**बैडीया ( राजेन्द्र नामदेव )।** शासन के आदेश अनुसार 25अप्रेल को मलेरिया दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसके फलस्वरूप आज दिनांक 25/04/24 को प्राथमिक स्वस्थ केंद्र बेड़ियां पर डा अरविंद कुशवाह द्वारा समस्त अधिकारी वी कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। हम शपथ लेते है की पानी की टंकियां ,पानी के कंटेनरो को हमेशा ढक कर रखेगे तथा कूलर का पानी सप्ताह में एक बार आवश्यक बदलेंगे और हम यह भी शपथ लेते है की हम हमारे घरों में मलेरिया के लार्वा को उत्पन्न नही होने देंगे। हम स्वयं जागरूक रहकर हम अपने शहर अपने गांव को मच्छर मुक्त करने में अपना पूर्ण सहयोग देंगे व अन्य को जागरूक करेंगे। ईसके अतिरिक्त सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया की अपने क्षेत्र में स्लाइड बुखार वालो की बनाए नारे लिखे व जन समुदाय में लार्वा नष्ट के उपायों के बारे में बताए।

शपथ में अस्पताल,फील्ड सभी कर्मचारी उपस्थित थे जिनमे डा रिचा पाटीदार, डा अरविंद दशोरे, अजीत खान, राकेश पटेल सुनील बडोले, योगेश दशोंदी इरशाद खान, निशा मोए, अंजली दराडे आदि।



## शहंशाह बाबा का 415वा संदल निकाला

**बुरहानपुर, निप्र।** सिंधीपुरा वार्ड स्थित गौसे जमां, मसीहुल औलिया हजरत शेख ईसा जिंदुल्लाह अल मारूफ हजरत शहंशाह वली बावा का 415वा संदल निकाला गया, जोकि शहर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ सिंधीपुरा स्थित हजरत शहंशाह बाबा की दरगाह पहुंचा। मुजावर मोहम्मद फारूख ने बताया कि उर्स में दरगाह पर दूर दराज राज्यों से भी बड़ी संख्या में अकीदतमंद जायरीन जियारत के लिए शामिल होते हैं।यहां मुस्लिम के साथ-साथ हिंदू व अन्य धर्म के लोगों की भी आस्था जुड़ी है। बता दे कि कई लोगों की यहां मन्नते भी पूरी होती है।जादू टोना और बुरी आत्माओं से दरगाह में छुटकारा मिलता है। मुजावर (सज्जादा नशीन) मोहम्मद फारूख ने बताया कि 23 अप्रैल को संदल व 24 को उर्स था।इसके अलावा 25 को सोहेला रहा। दरगाह में हर साल उर्स के मौके पर 10 हजार से अधिक लोग आते हैं।उन्होंने बताया कि यह दरगाह बहुत प्राचीन है, इसी दरगाह में 4 वलियों की ओर भी दरगाहे हैं। मुजावर फारूक ने लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने और आचार संहिता का पालन करने की सभी लोगों से अपील भी की।

## 10वीं, 12वीं कक्षा में विद्यार्थियों ने हासिल किया सुयश



**सेंधवा, निप्र ( विनय उजाला )।** ग्राम की प्रतिभा वान बालिका कू प्रशंसा प्रमोद पगारे ने हायर सेकंडरी कक्षा 12 वी की परीक्षा जीवविज्ञान विषय से 90% अंको से उत्तीर्ण करके अपने विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर बड़वाह का नाम रोशन किया। प्रशँसा ने बताया कि उसने बैगर कोचिंग क्लास का उपयोग करते हुऐ सेल्फ स्टडी को ज्यादा महत्व दिया प्रतिदिन लोकल बस से 17 किलोमीटर बड़वाह जाकर स्कूल में अध्ययन के अलावा घर पर 6 से 7 घण्टे प्रतिदिन पढ़ाई की। ज्ञात रहे कि प्रशसा ने कक्षा 10 वी में भी सरस्वती शिशु मंदिर बलवाड़ा से 90% से अधिक अंक अर्जित किये थे। प्रशँसा एक कुशल वक्ता और नृत्य कौशल में भी पारंगत है। अपनी सफलता का श्रेय उसने अपने दादा, दादी, अपने परिवार जन के आशीर्वाद एवं माता पिता एवम विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। इसी प्रकार सरस्वती शिशु मंदिर बलवाड़ा का इस वर्ष बोर्ड की 5वी , 8 वी और 10वी बोर्ड की सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा। जहाँ कक्षा 5 वी 8वी के सभी भैया बहिन प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुये। वही कक्षा 10 वी के 16 भैया बहिनो ने प्रथम श्रेणी एवं 15 भैया बहिनो ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। कक्षा 10 वी में बहिन अंजली खेड़ेकर 87.2%, प्रथम बहिन सोनाक्षी चौधरी 80.4% ने द्वितीय तथा बहिन भूमिका पवार 80.2% ने कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। भैया बहिनो की शानदार सफलता पर विद्यालय परिवार ने हार्दिक बधाई प्रेषित की।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया

**खरगोन, निप्र।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर के मार्गदर्शन में 25 अप्रैल को विशेष नशा मुक्ति सप्ताह (22 से 26 अप्रैल) के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल छोटी खरगोन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश एवं सचिव श्री सुजीत कुमार सिंह द्वारा नालसा (नशा पीड़ितों को विधिक सेवायें) योजना, 2015 के अंतर्गत विद्यार्थियों को बताया कि नशे की लत होने से व्यक्ति को मानसिक व शारीरिक दोनों ही समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में हम देख रहे है कि नशे या मादक पदार्थों के सेवन से कैंसर जैसी भयावह बीमारी हर किसी को हो रही हैं। जिसका इलाज काफी महंगा होता हैं। आज हम एक संकल्प लेते हैं कि हम नशा करने वाले व्यक्तियों को नशा करने से रोकने के लिए प्रयास करेगें।

## भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल के समर्थन में विधायक अर्चना चिटनिस ने किया जनसंपर्क

विनय उजाला



**बुरहानपुर, निप्र।** गुरूवार को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने खंडवा लोकसभा की बुरहानपुर विधानसभा के शिवाजी नगर एवं चिंचाला वार्ड में सघन जनसंपर्क कर मतदाताओं से सपंर्क किया और भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल जी के समर्थन में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इस दौरान महिलाओं ने श्रीमती चिटनिस का माला पहनाकर, पुष्पवर्षा एवं आरती उतारकर स्वागत किया।

जनसंपर्क के दौरान महापौर श्रीमती माधुरी पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, चिंतामन महाजन, जगदीश कपूर, बलराज नावानी, कैलाश पारीख, गजेन्द्र पाटिल, रूद्रेश्वर एंडोले, संभाजीराव सगरे, आशीष शुक्ला, धनराज महाजन, रवि काकड़े, विजय कार्ले, रविन्द्र गावड़े, वामन मोटे, दिलीप दिवेकर, चिंटू राठौर, अक्षय मोरे, गौरव शिवहरे, आकाश चौधरी एवं विजय राठौर सहित पार्टी पदाधिकारी-कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत को भ्रष्टाचार मुक्त बनाकर विकसित भारत की नींव स्थापित की है। मोदी सरकार के दस वर्षों में करोड़ों नागरिक गरीबी रेखा से बाहर निकलकर सम्मानपूर्वक जीवन जी रहे हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास के ध्येय के साथ हर वर्ग का उत्थान हुआ है। वैश्विक मंचों पर भारत को सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है। आगामी 13 मई को प्रत्येक बूथ पर आपका मतदान रूपी आशीर्वाद आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। आइये, सभी मिलकर संकल्प लें कि खंडवा लोकसभा के प्रत्येक बूथ को कमलमय बनाकर इस लोकसभा से ऐतिहासिक विजय का स्वर्णकमल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को भेंट करेंगे।

बाजार

इंदौर मंडी


## सोना में बढ़त, मसूर दाल में गिरावट

**इंदौर ( व्यापार प्रतिनिधि )।** चना आवक करीब 3200 बोरी। नीलामी 5900 - 6100 रुपए। चना मिल डिलेवरी 6100 - 6300 रुपए। डॉलर चना की आवक लगभग 4000 बोरी। नीलामी 10000 - 10500 रुपए।

**छावनी व्यापारिक मंडी - ( रुपए क्विंटल )** - चना कांटा 6200 - 6300 विशाल चना 5850 - 6000 डंकी चना 5500 - 5650 मसूर 6000 - 6050 मूंग एवरेज 7000 - 8000 मूंग ( गर्मी का) 8500 - 8700 उड़द बेस्ट - 8800 - 9200 एवरेज मीडियम उड़द 7000 - 8000 तुअर निमाड़ी 9800 - 11200 रुपए।

तिलहन - सोयाबीन 4640 - 4650 सरसों निमाड़ी बारीक 5500 - 5600 एवरेज बारीक 5000 - 5400 रायडा 4600 - 4700 रुपए क्विंटल।

**दाल भाव ( प्रति क्विंटल )** - तुअर दाल फूल 16300 - 16400 तुअर दाल सवा नंबर 15800 - 15900 चना दाल 7500 - 8000 एक्स्ट्रा बोल्ड 8500 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 10300 - 10400 मूंग मोगर 10600 - 10700 उड़द दाल 13600 - 13800 उड़द मोगर 14000 - 14500 रुपए।



**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 73600 रुपए।
चाँदी 81450 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 900 रुपये प्रति नग।
सोना 2324 डॉलर प्रति औंस।
चांदी 2732 सेंट प्रति औंस।

**चावल भाव ( प्रति क्विंटल )** - कोहिनूर बासमती वंड 14500 - 14600 तिबार 12100 - 12200 मिनी दुबार बासमती (921)10100 - 10300 बासमती सैला (क्वालिटीनुसार) 6600 - 9200 रुपए।

**सियागंज थोक किराना बाजार** - सूखे मेवे (प्रति किलो) - काजू ( सभी वैरायटी) 590 - 700 काजू टुकड़ी 550 - 560 बादाम (देसी - आयातित) 650 - 775 किशमिश कंधारी 525 - 550 बेस्ट 560 - 670 रुपए किलो।

**तेल बाजार ( प्रति 10 किलो )** - मूंगफली तेल इंदौर 1500 - 1510 मुबंई 1508 - 1510 गुजरात 1465 - 1475 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 945 - 950 सोया सॉल्वेंट 885 - 890 मुंबई सोया रिफाइंड तेल 930 - 935 सोया डीगम (बिना टैक्स) 848 - 850 इंदौर पाम ऑइल 988 - 990 मुंबई पाम ऑइल 918 - 920 गुजरात कपास्या तेल 923 - 925 रुपए। राजकोट तेलिया मूगंफली तेल 2350 - 2360 रुपए प्रति 15 किलो पैक।

**मावा** - 360 रुपए किलो।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री मोहन यादव के समक्ष पूर्व मंत्री के पुत्र शिव पटेल ने कांग्रेस छोड़ कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की



**सेंधवा, निप्र।** भाजपा प्रवक्ता सुनील अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह पटेल के नामांकन फार्म जमा कराने के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा विशाल आम सभा को संबोधित कर भाजपा प्रत्याशी को विजई बनाने की अपील के साथ सेकडो कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्टर जाकर निर्वाचन का फार्म जमा किया। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व मंत्री शोभाराम पटेल के बड़े पुत्र शिव पटेल ने कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर कांग्रेस को बड़ा झटका दिया। शिव पटेल पूर्व में जनपद पंचायत में कई पदों पर रह चुके है। पटेल जहा पर निवास करते है वह क्षेत्र में कांग्रेस का गड़ है। पटेल के भाजपा में आने से भाजपा ने कांग्रेस के गड़ में सेंध लगाई है। इस दौरान सेंधवा भाजपा से विकास आर्य, छोटू चौधरी, के साथ ग्रामीण मंडल के निलेश अग्रवाल, रमेश जाट, हेमंत बंसल, बंटी जमरे, हुकुम पवार, संग्राम सिह सिसोदिया, राजू चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वैश्य समाज ने किया प्याऊ का शुभारंभ



**शाजापुर, निप्र।** वैश्य महा सम्मेलन की जिला इकाई शाजापुर द्वारा मौसम के तल्ख मिजाज को देखते हुए एबी रोड पर निजी हॉस्पिटल के पास शीतल जल के प्याऊ का शुभारंभ किया गया। गुरुवार को समाज के लोगों ने विधिवत पूजन कर प्याऊ की शुरूआत की। इस मौके पर समाज के वरिष्ठों ने कहा कि भीषण गर्मी का दौर है और चंद कदम चलने पर ही कंठ सूख रहा है। ऐसे में लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्याऊ शुरू किया गया है। इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के प्रांतीय सचिव जगदीश माहेश्वरी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, जिलाध्यक्ष कमल नारायण माहेश्वरी, महिला विंग की जिलाध्यक्ष गायत्री विजयवर्गीय, गुलाब गुप्ता, मुकेश गुप्ता, नीतू सिंघल, मनीष माहेश्वरी, अमृतलाल गुप्ता, अशोक गुप्ता, श्रीराम महेश्वरी सहित समाज के वरिष्ठजन उपस्थित थे।

### आर्मी ट्रेनिंग पर जा रहे युवक को करणी सेना परिवार ने दी विदाई



**शाजापुर, निप्र।** मातृ भूमि की रक्षा के लिए आर्मी ट्रेनिंग में जा रहे युवक को करणी सेना परिवार के द्वारा पुष्पमाला पहनाकर विदाई दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार डूंगरगांव निवासी राठौड़ परिवार का बेटा दीपक बना देश सेवा के लिए गुरुवार को दोपहर 2 बजे आर्मी ट्रेनिंग के लिए रवाना हुआ। इसके पूर्व ग्रामीण और करणी सेना परिवार ने उन्हे बड़े हर्ष उल्लास के साथ विदा किया। इस मौके पर जय हिंद के नारे भी लगाए गए।

### कायनात पठान को मेरिट



**शाजापुर, निप्र।** एमपी बोर्ड द्वारा बीते दिनों कक्षा दसवी और बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें ख्रीस्त ज्योति कॉन्वेंट स्कूल बेरछा की छात्रा कायनात पठान ने 85 प्रतिशत अंक लाकर बेरछा एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया। कायनात अभिभाषक सईद पठान की पुत्री तथा वरिष्ठ नेता हाजी मुन्ना पठान की पोती हैं। कायनात के इस उपलब्धि पर स्कूल स्टॉफ सहित ईष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया।

### अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का ईनाम

**शाजापुर, निप्र।** अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने 10 हजार रुपये के नगद ईनाम की घोषणा की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 अप्रैल 2024 को फरियादी अरविन्द सिंह पिता अंतरसिंह राजपूत निवासी उमारिया दया जब अशोका कम्पनी के यूनिट 07 देहरीपाल पर अपनी ड्यूटी पर था, तब रात्रि 02.40 बजे उसे अपने साथी रूपसिंह के चिल्लाने की आवाज आने से उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि 03 व्यक्ति पल्सर मोटर साईकिल से आए और 01 व्यक्ति कूलर के पास रखी फरियादी की 12 बोर की लायसेंसी बंदूक ले जाने लगा, जिसका विरोध करने पर बदमाशों ने फरियादी को लकड़ी से मारपीट कर चोंट पहुंचाई और उसकी बंदूक कीमती 30 हजार रुपये तथा मोटर साईकिल लेकर भाग गए। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर अज्ञात 03 आरोपियों के विरूद्ध थाना मो बड़ोदिया पर अपराध क्रमांक 109/2024 धारा 392 एवं 394 भादवि के अन्तर्गत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### विशिष्ट आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा 28 को

**शाजापुर, निप्र।** जिले के ऐसे छात्र जिनके द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विशिष्ट आवासीय विद्यालयों कन्या शिक्षा परिसर आदर्श आवासीय विद्यालय एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन किए गए हैं उन छात्रों की परीक्षा का आयोजन 28 अप्रैल 2024 रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 बस स्टैंड शाजापुर में किया जाएगा। जनजातीय कार्य विभाग जिला संयोजक मीना मंडलोई ने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश-पत्र जारी किए जाने की तिथि 09 अप्रैल से 28 अप्रैल 2024 तक निर्धारित की गई है। सभी छात्र प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा तिथि 28 अप्रैल 2024 को शासकीय उत्कृष्ट उमावि शाजापुर क्रमांक 01 बस स्टैंड शाजापुर में उपस्थित हों।

# अनीता नागर सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री यादव की उपस्थिति में जमा किया नामांकन फार्म और हुई विशाल जन सभा आए कई केबिनेट मंत्री

अशोक बलसोरा

**झाबुआ।** रतलाम-झाबुआ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनीता नागरसिंह चौहान ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री नागरसिंह चौहान, चेतन्य कश्यप, निर्मला भूरिया सहित भाजपा के कई नेता मोजुद थे। एक चुनावी सभा भी आयोजित की गई। जिसमें रतलाम, झाबुआ और अलीराजपुर जिले से बडी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मतदान की अपील की।





स्थानीय बस स्टैंड पर चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस ने घोषणा पत्र में लिखा कि हमारी सरकार बनेगी तो हम आर्थिक सर्वेक्षण करवाएंगे। आर्थिक सर्वेक्षण में जिनके पास ज्यादा धन है, उनसे छिनेंगे और इस देश में सबसे पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। जिस पर मनमोहन सिंह (पूर्व प्रधानमंत्री) ने कहा कि हम मुस्लिम को मानते है सबसे पहला अधिकार। मुख्यमंत्री ने जनता से कहा कि आपसे छिनेंगे और उनकों देंगे। ये सरकार का निर्णय नहीं, कांग्रेस वाले कह रहे है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि पहली बार आदिवासी परिवार की बहन को, एक गरीब आदिवासी बहन को सीधा देश का सबसे बडा पद देने का काम किसी ने किया तो हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी ने किया, हमारी पार्टी ने किया। मुख्यमंत्री ने सवाल करते हुए कहा कि कभी आदिवासी को राष्ट्रपति बनाया क्या कांग्रेस ने।

कांग्रेस प्रत्याशी श्री भूरिया को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि आप विधायक बन गए, सांसद बन गए, प्रदेश में मंत्री बन गए, देश में मंत्री बन गए, प्रदेश के अध्यक्ष बन गए, लेकिन आपका मौका आया तो कांग्रेस ने क्या करा, भारत माता की जय। कभी मुख्यमंत्री बनाने का सौंचा क्या। वौ बुआजी (जमुनादेवी) मर गई मांगते-मांगते। उसको मुख्यमंत्री नहीं बनने दिया।

चुनावी सभा को प्रदेश के मंत्री चेतन्य कश्यप व निर्मला भूरिया ने भी संबोधित किया।

कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल।

कांग्रेस छोड कई नेताओं ने आज भाजपा का दामन थामते हुए मुख्यमंत्री की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विजय भाबोर जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य, ममता हटीला जिला पंचायत सदस्य, बहादुर हटीला जिला कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्य, विजय राजा पंवार जिला महामंत्री युवक कांग्रेस, सुनील भूरिया जिला महांमत्री युवक कांग्रेस, कमरू अजनार जनपद अध्यक्ष उदयगढ, सुरपाल अजनार कांग्रेस नेता सहित कई सरपंच भाजपा में शामिल हो गए। जिनका मुख्यमंत्री ने स्वागत किया।

केन्द्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते, उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवडा, जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कलसिंह भाबर, जिला प्रभारी हरिनाराण यादव, प्रदेश मंत्री संगीता सोनी, महामंत्री गौरव खंडेलवाल, सोमसिंह सोलंकी, किशोर शाह, जिला अध्यक्ष भानू भूरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष दौलत भावसार, शैलेष दुबे, मनोहर सेठिया, प्रवीण सुराणा, लक्ष्मणसिंह नायक, उद्योगपति ब्रजेन्द्र चुन्नू शर्मा, विधानसभा संयोजक सत्येन्द्र यादव, शैलेन्द्र बिट्टू सिंगार, सहित बडी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## करड़ावदबड़ी में किया गया मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन





विनय उजाला

**झाबुआ, निप्र।** भारत स्काउट गाइड केशव विद्यापीठ के शिवाजी पैक के कब बालकों द्वारा बैंड के साथ ग्राम करड़ावद बड़ी में मतदाता जागरूकता रैली प्राचार्या श्रीमती वन्दना नायर, भारत स्काउट जिला एशोसिएशन झाबुआ के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश शर्मा, जिला सह सचिव के मार्गदर्शन निकाली गई। मतदाता जागरूकता रैली में करड़ावद बड़ी के विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के द्वारा भी सहभागिता की गई। जागरूकता रैली गांव के तेजाजी मंदिर परिसर से शुरू करते हुए स्कूल फलिया के चौराहे पर समापन किया गया।

उक्त अवसर पर भारत स्काउट गाइड जिला संगठन के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश जी शर्मा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को एवं कब बुलबुल को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी दिनांक 13 मई 2024 को हमारे यहां लोकसभा का मतदान होने जा रहा है, आप सभी अपने परिवार के सदस्यों को मतदान हेतु अवश्य भेजें।

मतदाता जागरूकता रैली में जिला संगठन के सहसचिव प्रदीप कुमार पांडे ने बच्चों से आग्रह किया की आप अपने क्षेत्र में मतदान के दिन परिवार के सदस्यों को अवश्य भेजते हुए इस लोकतंत्र में सहयोग प्रदान करें, साथ ही उपस्थित विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं का आभार माना। जागरूकता रैली में करडावद बड़ी के विद्यालय परिवार के प्रेमसिंह सरताना अरविंद रावल, पारस गांधी, रामचंद्र गुर्जर, गणेश सिंगार आदि उपस्थित थे। मतदाता जागरूकता रैली में केशव विद्यापीठ शिवाजी पैक के कब मास्टर शुभव राव, शिक्षिका सुनिता तनपुरे, संजना मावी का सराहनीय सहयोग रहा।

## कांग्रेस कार्यालय पर दिग्विजय सिंह की धर्मपत्नी अमृता सिंह ने ली सोशल मीडिया आइटीसेल कार्यकर्ताओं की बैठक



विनय उजाला

**सुसनेर, निप्र।** सोयत रोड़ स्थित कांग्रेस कार्यालय पर राजगढ़ लोकसभा प्रत्याशी दिग्विजय सिंह की धर्म पत्नी अमृता सिंह ने सोशल मीडिया आईटी सेल के कार्यकर्ताओं की बैठक ली जिसमे कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को उचित दिशा निर्देश दिए गए जिसमे एक एक करके कार्यकर्ताओं से विस्तार से चर्चा करके किस तरह से पार्टी को मजबूत करना है कांग्रेस पार्टी के द्वारा किए गए कार्यों को जल्द से जल्द जन जन तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया ही सबसे अच्छा मंच है जिस पर हमे मजबूती मजबूत होना पड़ेगा इस अवसर पर पूर्व सांसद नारायणसिंह आमलाबे, विधायक भेरोसिंह परिहार बापू, जिला अध्यक्ष बंसीलाल पाटीदार और बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बाइक सवार को रास्ता रोक कर पीटा



विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** बाइक सवार युवक को दो लोगों ने रास्ता रोककर मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम दिल्लोदरी निवासी ज्ञानसिंह गुर्जर पिता भंवरसिंह ने बताया कि वह गुरुवार सुबह करीब 11 बजे अपने गांव से शाजापुर आ रहा था, तभी रास्ता रोककर बल्ड़ी पर दो लोगों ने मवेशी छोडने् का झूठा आरोप लगाते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। ज्ञानसिंह को सिर में चोंट आने पर उपचार के लिए शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## जेल में लगा स्वास्थ्य शिविर, 77 बंदियों का परीक्षण कर दी दवाईयां

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शाजापुर ललित किशोर के मार्गदर्शन में 25 अप्रैल गुरुवार को जिला जेल शाजापुर में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक सहायता शिविर का शुभारंभ किया गया। इस दौरान न्यायाधीश सिराज अली द्वारा जिला जेल का निरीक्षण भी किया गया। इस मौके पर जिला न्यायाधीश एवं सचिव सिराज अली ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाकर दवाईयों का वितरण किया जा रहा है, ताकि जेल में निरूद्ध बंदियों को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो सके। उन्होने कहा कि नियमित व्यायाम द्वारा मानसिक तनाव से दूर रहा जा सकता है। उन्होने बंदियों को विधिक सहायता की जानकारी दी। वहीं शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी द्वारा बंदियों को विधिक सहायता, निःशुल्क अधिवक्ता योजना, जेल लोक अदालत, जेल लीगल एड क्लीनिक एवं अपील के प्रावधानों की जानकारी दी गई।







इसके अलावा उच्चतम न्यायालय के विचाराधीन बंदियों को जमानत का लाभ देने संबंधी आदेश और जमानत आदेश उपरांत जमानत प्रस्तुति में आने वाली समस्याओं के निराकरण के बारे में बताया। साथ ही लीगल एड डिफेंस काउंसिल की टीम से अपने लंबित प्रकरणों की प्रगति के संबंध में चर्चा एवं समाधान के बारे में अवगत करवाने का भी आह्वान किया। प्ली ऑफ बारगेनिंग के प्रावधान, प्रक्रिया, बंदियों के अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता, यूटीआरसी के क्रियान्वयन, पेरोल, समय पूर्व बंदियों की रिहाई इत्यादि कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके उपरांत जिला जेल में जिला चिकित्सालय के चिकित्सक विशेषज्ञों की टीम के द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेष स्वास्थ्य शिविर में 71 पुरुष, 05 महिला, 01 ट्रांसजेंडर बंदी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### खैराना हाई स्कूल की छात्राओं ने मारी बाजी, मोडी शासकीय स्कूल भी रहा बेहतर परिणाम

# सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चें भी नही रहे बाजी मारने में पीछे







विनय उजाला

**सुसनेर, निप्र।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल की बोर्ड कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। जिसमे ब्लॉक के ग्राम खैराना के शासकीय हाई स्कूल का 86 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है। जिसमे छात्राओं ने बाजी मारी है। उत्तीर्ण 31 छात्र छात्राओं में से 19 प्रथम श्रेणी एवं 12 द्वितीय श्रेणी में आए है। छात्रा कुमारी रीना पिता लाल सिंह ने 90 प्रतिशत हासिल कर संस्था में प्रथम स्थान बनाया है। छात्र- छात्राओं की सफलता पर संस्था प्राचार्य घनश्याम शर्मा, शिक्षिका ममता पाटीदार, रेखा मालवीय, नीतू राठोर, शिक्षक लक्ष्मीनारायण दोवड़ा व राजकुमार सोलंकी ने सम्मान कर बधाई दी है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोड़ी की कक्षा 12 वी का 83.33 व कक्षा 10 वी का 37.34 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है। संस्था के शिक्षक आशीष जैन ने बताया कि कक्षा दसवीं में रानू राठौर ने 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 12वीं कला संकाय में मंजू मीणा ने 83.6 प्रतिशत, जीव विज्ञान संकाय में पवन वर्मा ने 81.6 प्रतिशत व गणित संकाय में पवन अहिरवार ने 68 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।द्य संस्था प्राचार्य गिरिराज बंसिया एवं स्टाफ सदस्यों ने समस्त छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए बधाई देकर उनकी उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

**नगर के हायर सेकंडरी स्कूल की छात्र छात्राओं की सफलता पर स्कूल स्टॉप ने किया स्वागत :** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा बुधवार को कक्षा दसवीं एवं 12 वीं का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नगर के हायर सेकेंडरी स्कूल सुसनेर के छात्र छात्राओं द्वारा सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्रदान किया कक्षा दसवीं में बहन रितिका जैन एवं बहन प्रज्ञता जैन ने 95त्न अंक अर्जित कर नगर में विद्यालय का नाम रोशन किया। नव्या जैन, वेदिका जैन, अमनसिंह परमार, ज्योति आरज जैन ने भी स्कूल का नाम रोशन कियाएवं कक्षा 12वीं में बहन सुहानी जैन 80 परसेंट एवं भैया कपिल प्रजापत ने 78त्न अंक अर्जित कर नगर का नाम रोशन किया भैया/ बहनों की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की।

**सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चे भी नही रहे बाजी मारने में पीछे :** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुसनेर का बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम भी श्रेष्ठतम रहा। जिसमें कक्षा-5वी में 87%, कक्षा-8वी में 86%, कक्षा 10वी में 73%, कक्षा 12 वी में 81% रहा। इनमें हायर सेकेंडरी कक्षा 12 वीं में समर्थ भावसार 81%, महक राठौर 72%, कन्हैया मेघवाल 69%, भावना बैरागी 68%, एवं कृषि संकाय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा एवं हाई स्कूल में गोविंद लोहार 73%, विक्रम 72.7%, नंदनी 70%, माध्यमिक कक्षा 8 वी में मेघा चरण 86%, लाली प्रजापत 84%, गर्व कुंभकार 82% एवं कक्षा पांचवी में बलराम बगड़ावत 87%, पूजा सिसोदिया 86त्न, राधिका 86% प्राप्त कर विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया। छात्र छात्राओं की उपलब्धि पर प्राचार्य जितेंद्र गेहलोत सहित आचार्य परिवार एवं समिति अध्यक्ष रूप नारायण श्रीवास्तव, सचिव प्रदीप बजाज, सह सचिव जितेंद्र श्रोत्रिय, कोषाध्यक्ष प्रदीप सोनी सहित समिति सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य अब सप्ताह में 7 दिवस

**भोपाल ( हि.स. )।** समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य अब सप्ताह में 7 दिवस होगा। दरअसल, रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जारी उपार्जन नीति के तहत कृषकों से गेहूं उपार्जन का कार्य सप्ताह में 5 दिवस सोमवार से शुक्रवार तक करने का प्रावधान किया गया था। जिला आपूर्ति नियंत्रक मीना मालाकार ने गुरुवार को बताया कि किसानों की सुविधा को दृष्टिगत गेहूं उपार्जन का कार्य अब सप्ताह में 7 दिवस सोमवार से रविवार तक उपार्जन अवधि तक किया जाएगा।

## एलटीटी-बनारस-एलटीटी के मध्य साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन वाया-इटारसी

**भोपाल ( हि.स. )।** रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 01053/01054 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के मध्य साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन वाया- इटारसी चलाई जा रही है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने गुरुवार को बताया कि गाड़ी संख्या 01053 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 26.06.2024 तक प्रत्येक बुधवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से 12.15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 00.20 बजे इटारसी पहुँचकर, 00.30 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए 16.05 बजे बनारस स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01054 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 27.06.2024 तक प्रत्येक गुरुवार को बनारस स्टेशन से 20.30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 10.10 बजे इटारसी पहुँचकर, 10.15 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए 23.55 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 08 शयनयान श्रेणी, 03 सामान्य श्रेणी, 01 जनरेटर कार, 01 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर रुकेगी।

## कमलनाथ ने कांग्रेस के मेनिफेस्टो को बताया देश की असली आवाज़, कहा- जनता के मुद्दों को किया है शामिल

**भोपाल ( हि.स. )।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कांग्रेस के न्याय पत्र को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने अपनी पार्टी के मेनिफेस्टो को देश की असली आवाज बताया है। कमलनाथ ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा कांग्रेस के मैनिफ़ेस्टो में जनता की ज़रूरतों और सही मुद्दों को जगह दी गई है। यह मैनिफ़ेस्टो देश की असली आवाज़ है, जिसे राहुल गांधी जी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सुना, समझा और महसूस किया है। कांग्रेस के पाँच न्याय युवाओं, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और भागीदारी न्याय के माध्यम हर कमजोर वर्ग को संबल और शक्ति देने का अभिनव प्रयास है। कमलनाथ ने आगे कहा कि कांग्रेस के साथ आईये और सभी को न्याय दिलाने के महाअभियान को मज़बूत करिये। हम युवाओं को रोज़गार, किसानों को कर्जमाफी/एमएसपी, महिलाओं को 8500 रूपये महीने, श्रमिकों को 400 रुपये प्रतिदिन का पारिश्रमिक, जातिगत जनगणना जैसी अनेकों जनहितैषी योजनाओं के साथ आपके बीच हैं।

## 'आई हमारी बारी अब वोट देने जाना है' आईईएस कॉलेज के प्रथम वोटर्स बच्चों ने लिया संकल्प

**भोपाल ( हि.स. )।** युवा मतदाताओं को जागरूक करने और उनमें मतदान के प्रति रुझान पैदा करने और भोपाल मे वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन भोपाल द्वारा स्वीप (स्ङ्कश्वश्वक्क) के अन्तर्गत भोपाल के महाविद्यालयों 'कौन बनेगा वोटर नम्बर वन' मल्टीमीडिया क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । आईईएस रातीबढ़ के सभागार में स्टूडेंट्स एवं प्राध्यापकों के मध्य मल्टीमीडिया क्विज आयोजित की गई। जनसंपर्क अधिकारी अरुण शर्मा ने गुरुवार को बताया कि क्विज के दौरान छात्र-छात्राओं के साथ - साथ प्राध्यापको का जोश मतदान के प्रति उत्साह को प्रदर्शित कर रहा था। हॉट सीट पर बैठे बच्चे बड़ी आतुरता से प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। वहीं दर्शको के लिए राउंड में दर्शक दीर्घा में बैठे बच्चे और प्राध्यापक सही जवाब दे अपना नाम लकी ड्रा हेतु पक्का कर रहे थे। अब बताओ तो जानें चैलेंज राउंड में बच्चों के साथ शिक्षकों ने भी चैलेंज स्वीकार कर बिना प्रश्न देखे जवाब दिए। 2 घंटे चली इस रोचक प्रतियोगिता से छात्राओं ने मतदान के महत्व और चुनावी प्रक्रिया संबंधी जानकारी प्राप्त की अंत में संस्थान के प्रथम वोटर्स के साथ सभी को मतदान की शपथ दिला सभी को वोट देने जाने का आव्हान किया। संस्थान की डायरेक्टर डॉ. सुनीता सिंह, डॉ.प्रीति पाण्डे एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में खेली गई क्विज मे टॉप 10 बच्चों का चयन किया गया, जो मेगा राउंड में खेलेंगे। कार्यक्रम के समापन में डॉ. प्रीति पाण्डे ने रविकान्त क्विज मास्टर का सम्मान किया क्विज का संचालन रविकान्त ठाकुर, स्वीप समन्वयक एवं मोहन मालवीय भोपाल ने किया ।

# कांग्रेस में दम हो तो 500 पार का नारा लगाए : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## पीएम मोदी की कार्यशैली से कराया रूबरू, मतदान वोट का प्रतिशत बढ़ाने की अपील

विनय उजाला

**इन्दौर, निप्र। ताई ने बार बार जीत कर कीर्तिमान बनाया हे मैं गारंटी देता हु की पूरे देश में मोदी के नाम की आंधी चल रही है। राहुल गांधी की बात को कोई भी सीरियस नही लेता । हम भगवा को मानने वाले लोग है । हमे मुस्लिम चाहिए लेकिन अब्दुल कलाम जैसे।**

यह कहना है मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का गुरुवार को शंकर लालवानी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए यादव ने कहा की कांग्रेस ने देश का विभाजन किया लालवानी की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा की नागरिकता को लेकर आपने अच्छा काम किया है । यह चुनाव पीएम मोदी की सरकार बनाकर देश को हर क्षेत्र में मजबूत करने का चुनाव है । अबकी बार 400 पार का नारा देते हुए यादव ने कहा की कांग्रेस में दम हो तो वे 500 पार का नारा लगाए। हम मध्य प्रदेश के 29 में से 29 सीटों पर प्रचंड बहुमत से विजय प्राप्त करेंगे यादव ने आगे कहा की किसी भी कीमत पर इंदौर और इंदौर की जनता का



अपमान सहन नही करेगे । इंदौर का अपमान इंदौर की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा की आज से भाजपा विजय यात्रा की ओर बढ़ते जाएगी । हर व्यक्ति अपने स्तर पर भाजपा की मजबूती के लिए और इंदौर की जीत के रिकॉर्ड के लिए संकल्प ले। केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा की भाजपा में आने का सिलसिला जारी है ।बड़वानी की पूर्व विधायक चंद्रभागा कराडे सहित कई कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हुई और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने केसरिया दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया विजयवर्गीय ने कहा की पहले रेलवे का बजट 28 हजार करोड़ था, लेकिन आज मोदी सरकार ने 2 लाख करोड़ से अधिक का बजट कर दिया।

## सीबीआई ने खालवा के हाजरा नर्सिंग कॉलेज में दी दबिश, दस्तावेजों की जांच

**भोपाल ( हि.स. )। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ( सीबीआई ) की टीम ने बुधवार को मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में स्थित आदिवासी बाहुल्य खालवा क्षेत्र के नर्सिंग कॉलेज में दबिश दी। यहां सीबीआई की टीम ने देर रात तक सर्चिंग की। इस दौरान टीम ने कॉलेज की मान्यता संबंधी दस्तावेज खंगाले और छात्र व स्टाफ की जानकारी लेकर पूछताछ की।**



जानकारी के मुताबिक, सीबीआई की छह सदस्यीय टीम बुधवार शाम को खंडवा जिले की खालवा तहसील के ग्राम मल्हारगढ़ स्थित हाजरा मेमोरियल कॉलेज पहुंची। टीम ने यहां कॉलेज की मान्यता और नर्सिंग संबंधी जानकारी जुटाने के लिए आने की बात कही और इससे संबंधित दस्तावेज खंगाले, साथ ही कॉलेज के स्टाफ, उनकी योग्यता, कॉलेज की छात्र संख्या, प्रैक्टिकल लैब, लाइब्रेरी सहित बिल्डिंग परमिशन जैसे दस्तावेजों की जांच की गई। कॉलेज के हायर मैनेजमेंट स्टाफ के अलावा किसी भी बाहरी व्यक्ति को इस जांच के संबंध में किसी तरह की कोई जानकारी नहीं दी गई थी।

टीम देर रात तक कॉलेज में डटी रही। टीम ने क्लीनिकल और नान क्लीनिकल दोनों ही विषयों से संबंधित महाविद्यालय से जुड़ें और पढ़ने वाले विद्यार्थियों के प्रशिक्षण संबंधी दस्तावेज भी प्रबंधन से मांगे हैं। दरअसल, यहां एक ही कॉलेज में नर्सिंग की पढ़ाई के अलावा बीए प्लेन, बीकाम कंप्यूटर, बीए कंप्यूटर, बीएससी सीड टेक्नोलाजी सहित अन्य विषयों की पढ़ाई कराई जा रही है। सीबीआई की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खालवा में जाकर नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे छात्रों के बेड की जानकारी सहित खालवा की पापुलेशन व मंथली होने वाली प्रसूति की जानकारी भी ली है। कार्रवाई के बाद से डायरेक्टर का फोन बंद है। वहीं, जांच अधिकारी भी कुछ कहने से बच रहे हैं।

## छह लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में मतदान 26 अप्रैल को

**भोपाल, निप्र।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के दूसरे चरण में प्रदेश के छह लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में शुक्रवार, 26 अप्रैल को मतदान होगा। लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्र.-6 टीकमगढ़ (अजा), क्र.-7 दमोह, क्र.-8 खजुराहो, क्र.-9 सतना, क्र,-10 रीवा एवं क्र.-17 होशंगाबाद में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान सम्पन्न कराने के लिये सभी मतदान दल अपने-अपने मतदान केन्द्रों तक पहुंच गये हैं। मतदान केन्द्र पहुंचने पर मतदान कर्मियों का पुष्पहारों से स्वागत किया गया। मतदाताओं की सुविधा के लिये दूसरे चरण के उपरोक्त छह लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में मतदान दिवस (26 अप्रैल) को सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश रहेगा। राज्य शासन ने संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 25 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया है।

## कांग्रेस का आरोप- प्रधानमंत्री मोदी असत्य कथन कर देश की जनता को भ्रमित कर रहे हैं

**भोपाल ( हि.स. )।** प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी को लेकर दिये गये बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि मोदी जी 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इन हेरीटेज कानून को स्टेट प्रापर्टी के तहत आते थे, उनको कर और प्रापर्टी टैक्स से मुक्त किया था, तत्कालीन भाजपा नेता यशवंत सिन्हा और जयंत सिन्हा ने इसका समर्थन किया था।

मुकेश नायक ने कहा कि मोदी जी असत्य कथन कर रहे हैं कि राजीव गांधी ने इंदिरा गांधी की प्रापर्टी को हड़पने के लिए कानून बनाया। पीएम मोदी बताये कि कौन सी प्रापर्टी इंदिरा गांधी, राजीव गांधी के पास चली गई, उनके पास निजी घर भी नहीं है आनंद भवन जिस घर में पं. जवाहर लाल नेहरू का जन्म हुआ, पले-बड़े, जो हजारों करोड़ की प्रापर्टी है, उसे दान में दिया और वह आज देश की प्रापर्टी है, निजी प्रापर्टी नहीं है। हमारे गांधीवादी नेता विनोभा भावे, जिन्होंने पूरे देश में पद यात्रा की थी, भूदान यज्ञ किया था और उसके तहत कांग्रेस नेताओं और इस देश के किसानों ने हजारों एकड़ जमीन दान में दी है। मोदी जी असत्य कथन कर देश की जनता को भ्रमित कर रहे है। मुकेश नायक ने कहा कि मोदी जी 25-30 साल पहले की बात क्यों कर रहे हैं। 18 साल पहले डॉ. मनमोहन सिंह ने ये कहा था, वो कहा था, इन हेरीटेज कानून 1985 कानून बना था। मोदी जी आप अपने 10 साल का रिपोर्ट कार्ड देश की जनता के सामने रखिये।

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अवश्य करें : अनुपम राजन

**भोपाल ( हि.स. )। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से लोकतन्त्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए लोकसभा निर्वाचन-2024 के विभिन्न चरणों में मतदान जरूर करने का आह्वान किया है। उन्होंने गुरुवार को कहा है कि 26 अप्रैल को अपने मतदान केन्द्र पर पहुँचकर निर्भीक होकर मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।**

उन्होंने कहा कि मतदाता ही समृद्ध भारत की समृद्ध लोकतांत्रिक परम्पराओं के संवाहक हैं। मतदाताओं की सक्रिय सहभागिता से ही हमारा लोकतंत्र परिष्कृत और समृद्ध बनता है। मतदान से लोकतांत्रिक परम्परा को अधिक स मृद्ध बनाने, संवैधानिक कर्तव्य निभाने का एक और अवसर मिला है। राजन ने कहा है कि लोकतंत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण सोपान है। उन्होंने राज्य के प्रत्येक मतदाता से स्वतंत्र और निर्भय होकर मतदान अवश्य करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि मतदान के दौरान मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। किसी भी तरह की भ्रामक जानकारी या अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने कहा है कि सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को सहज, सुगम, पारदर्शी और समावेशी बनाने के लिये 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा दी गयी है। सक्षम एप से दिव्यांग मतदाता अपने लिये व्हील चेयर या अन्य जरूरी सहायक उपकरण के लिये अनुरोध कर सकते हैं। बुजुर्गों को कतार में न लगना पड़े, इसके लिए उन्हे पहले मतदान करने की सुविधा दी जा रही है। सभी मतदान केंद्रों में छाया एवं पीने के लिए ठंडा पानी, दवा आदि की समुचित व्यवस्थाएँ की गई हैं।

## कांग्रेस के इरादे क्या हैं, ये भारत है अमेरिका नहीं : शिवराज सिंह चौहान

**भोपाल ( हि.स. )।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को हरदा में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में सहभागिता की। उन्होंने होशंगाबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौहान के समर्थन में सिवनी-मालवा और विदिशा संसदीय क्षेत्र के ग्राम पिपलिया नानकर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम भाजपा में इसलिए हैं कि, देश और अपनी जनता की सेवा कर सकें। मेरे लिए तो जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है।

पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा कह रहे हैं कि, जब अमेरिका में किसी का निधन होता है तो उसकी संपत्ति का एक हिस्सा परिवार को जाता है, बाकी सरकार ही रख लेती है। कांग्रेस के इरादे क्या हैं, ये आ गए तो तुम्हारे खेत, मकान, दुकान भी सुरक्षित नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, ये भारत है, अमेरिका नहीं है। भारत अगर चलेगा तो सनातन परंपरा से चलेगा संस्कृति से चलेगा और हमारी परंपरा में पिता के निधन के बाद तो बेटा-बेटी के नाम संपत्ति आती है। कांग्रेस का ये कैसा घोषणा पत्र है, क्या करने वाले हो तुम, क्या तुम हिंदुस्तान को अमेरिका बनाने वाले हो। कितने उलटे-सीधे फैसले कर रहे हो। पूर्व मुख्यमंत्री चौहान बुधवार को हरदा में आयोजित प्रधानमंत्री मोदी के साथ जनसभा में सम्मिलित हुए और कृषि यंत्र हल देकर प्रधानमंत्री का स्वागत-सम्मान किया।




### हर अच्छे काम का विरोध करती है कांग्रेस

उन्होंने कहा कि, प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि आयोध्या में दिव्य और भव्य राममंदिर का निर्माण हुआ। रामलला विराजमान हुए, बहनें रंगोली बना रही थी, दीपक जला रही थी, हर घर पर भगवा पताकाएं लहरा रही थी, पूरा देश खुश था। आयोध्या का अंसारी परिवार जिसने जीवन भर कोर्ट में बाबरी मस्जिद का केस लड़ा, कोर्ट के फैसले का उन्होंने भी स्वागत किया और प्राण-प्रतिष्ठा में पूरे अंसारी परिवार ने भाग लिया। कांग्रेस को भी निमंत्रण दिया, उन्होंने निमंत्रण अस्वीकार करते हुए कहा कि, मुहूर्त खराब है, हम नहीं आएंगे। अब जब तक ये सूरज-चांद और धरती रहेगी तब तक लिखा रहेगा कि, कांग्रेस ने भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा का विरोध किया था। कांग्रेस हर अच्छे काम का विरोध करती है, उन्होंने धारा 370 का भी विरोध किया। इनके गलत फैसलों के कारण ही कांग्रेस के विचारवान नेता पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

### हार के डर से सोनिया गांधी चुनाव नहीं लड़ रहीं

कांग्रेस की जहां रायबरेली में सबसे ज्यादा गहरी जड़े थी वहां भी कांग्रेस की दुर्गति हो गई है। कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता सोनिया गांधी ने अब रायबरेली से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है, क्योंकि उन्हें पता है कि, हार जाएगी। राहुल गांधी भी अमेठी छोड़कर वायनाड चले गए हैं। रणछोड़दास बन गए हैं। राहुल गांधी कह रहे हैं कि, भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में गरीबों का जिक्र ही नहीं किया है। अब राहुल गांधी को हिंदी नहीं आती तो हम क्या कर सकते हैं, हिंदी नहीं आती है तो अंग्रेजी में पढ़ लो और अगर अंग्रेजी भी नहीं आती तो हम इटली की भाषा में तो नहीं लिखेंगे। पूर्व सीएम ने कहा कि, भाजपा के घोषणा पत्र में गरीबों के लिए पांच साल तक मुफ्त राशन की बात कही गई है और उज्जवला योजना, गरीबों को पक्के मकान, हर घर पानी ये सब कुछ गरीबों के लिए ही है।

## लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मप्र की 6 सीटों पर 80 प्रत्याशी, 1.11 करोड़ से अधिक मतदाता

**भोपाल( हि.स. )।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के दूसरे चरण में मध्यप्रदेश के छह संसदीय क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इनमें टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद सीट शामिल हैं। इन सीटों पर 80 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इस चरण में प्रदेश के एक करोड़ 11 लाख 62 हजार 460 मतदाता इन उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे।



प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़ (अजा), दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा एवं होशंगाबाद में शुक्रवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान सम्पन्न कराने के लिए गुरुवार को सुबह जिला मुख्यालय पर मतदान सामग्री का वितरण किया गया। इसके बाद सभी मतदान दल सामग्री लेकर अपने-अपने मतदान केन्द्रों तक पहुंच गये हैं। मतदान केन्द्र पहुंचने पर मतदान कर्मियों का पुष्पहारों से स्वागत किया गया। गौरतलब है कि 2019 में सभी छह सीटें (टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद) भाजपा ने जीती थीं। इन सीटों पर पिछले लोकसभा चुनाव में औसत मतदान 67.75 प्रतिशत रहा था। इस बार पहले चरण के चुनाव में हुए कम मतदान को देखते हुए चुनाव आयोग, भाजपा और कांग्रेस ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास किए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने बूथ लेवल आफिसरों को घर-घर भेजा तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर भाजपा के सभी नेताओं ने मतदाताओं से अपने मताधिकार उपयोग अवश्य करने की अपील भी की है।

# जनता नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को आतुर : विष्णुदत्त शर्मा

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पन्ना में भगवान जुगल किशोर मंदिर में पूजन अर्चन कर रोड शो में शामिल होकर जनता का अभिवादन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न समाज के पदाधिकारियों, व्यापारियों और आमजन से संवाद किया।**

गांधी चौक में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि खजुराहो की जनता नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को आतुर है। जनता के मूड को देखते हुए पहले कांग्रेस ने और फिर समाजवादी पार्टी ने मैदान छोड़ दिया। विपक्ष का कौन उम्मीदवार चुनाव लड़ रहा है, नजर ही नहीं आता। इस क्षेत्र में इंडी गठबंधन का कोई भी बड़ा नेता प्रचार के लिए नहीं आया। पूर्व में शर्मा ने प्राचीन किले में पूज्य संत बरम बाबा जी की समाधि का दर्शन कर आशीर्वाद लिया।



### मोदी की नीतियों और विकास से प्रभावित है जनता

विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि खजुराहो लोकसभा क्षेत्र की जनता ने मुझे पिछले चुनाव में भी भारी मतों से जिताकर संसद भेजा था। आज कड़ी धूप में रोड शो के दौरान विशाल जनसमुदाय का जो आशीर्वाद मुझे मिला है, उसने मुझे अहसास करा दिया है कि यहां की जनता भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकास कार्यों से कितनी प्रभावित है। मैं इसके लिए हमेशा यहां की जनता का आभारी रहूंगा। उन्होंने रोड शो में कहा कि इस बार खजुराहो के हर बूथ पर कमल खिलेगा। इस कमल को स्वर्ण कमल बनाकर मोदी को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हर गरीब का जीवन बदला है, देश की दशा और दिशा बदली है।

### रोड शो में जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत

शर्मा ने भगवान जुगल किशोर मंदिर प्रांगण से रोड शो प्रारंभ कर बड़ा बाजार, गोविंद मंदिर चौराहा, कोतवाली चौराहा से कटरा मोहल्ला होते हुए गांधी चौक पर संपन्न हुआ। रोड शो के दौरान आमजन ने घरों से फूल बरसाए और माला पहनाकर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों पर नाचते कार्यकर्ताओं और आम लोगों को जोश देखते ही बनता था। रोड शो के दौरान युवा, महिलाएं एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अबकी बार 400 पार के नारे से शहर गुंजायमान हो गया।

### 370 वोट बढ़ाकर डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दें कार्यकर्ता

शर्मा ने रोड शो के पहले कटनी जिले के विजयराघवगढ़ के कैमोर मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमें हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य दिया है। श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के लिए आंदोलन किया और अपना बलिदान दिया। इसलिए हम सभी कार्यकताओं को हर बूथ पर 370 नये वोट बढ़ाकर डॉ. मुखर्जी जी को सच्ची श्रद्धांजलि देना है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा मृणाल पब्लिकेशंस, 13, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इन्दौर से मुद्रित एवं 37/1, महादजी मार्ग, कार्तिक चौक, उज्जैन से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - पराग पांचाल *,
फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, 0734-4011949, मो. 9425910888, 9424515199, ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। डॉक पंजीयन क्रमांक एमपी/आईडीसी/1359/2014-16, RNI. Reg. MPHIN/2016/68363.